डीआर भोपाल

भोपाल, बैरागढ़, बीएचईएल, गोविंदपुरा, बुदनी, कोलार, बैरसिया

भाद्रपद शुक्ल पक्ष 13-2083

भोपाल, दिन गुरूवार, दिनांक 24 सितम्बर 2026

न्यूज गैलरी

यूनिफॉर्म रेट पर हो रहा वि..

भोपाल। प्रदेश के सभी टाइगर रिजर्व और नेशनल पार्कों के कोर क्षेत्र में 1 अक्टूबर से जंगल सफारी शुरू होगी। नए पर्यटन सत्र से सभी टाइगर रिजर्व में सफारी की टाइमिंग एक समान रहेगी। सुबह की सफारी 6 से 11.30 बजे और शाम की 3 से 6 बजे तक होगी। अभी कान्हा, बांधवगढ़, पेंच, पन्ना और सतपुड़ा में सूर्योदय-सूर्यास्त के अनुसार समय में थोड़ा अंतर रहता है। पार्कों में यूनिफाइड टैरिफ लागू करने पर भी विचार कर रहा है। अभी जिप्सी और गाइड शुल्क अलग होने से कुल सफारी शुल्क अलग है। पुराने टाइगर रिजर्व में कोर सफारी 5400 से 6800 रुपए, जबकि संजय-डुबरी, दुर्गावती, रातापानी और माधव में 3800 से 4800 रुपए तक है।

राहुल गांधी का सीएम को पत्र 27% ओबीसी आरक्षण लागू करें, चयनितों को नियुक्ति दें

भोपाल। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को पत्र लिखकर राज्य में 27% ओबीसी आरक्षण लागू करने और चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति देने की मांग की है। राहुल ने पत्र में कहा कि 27% ओबीसी आरक्षण को सभी दलों ने सर्वसम्मति से समर्थन दिया था, लेकिन इसके बावजूद अब तक इसका समाधान नहीं हुआ है। आरक्षण लागू कराने और नियुक्ति की मांग को लेकर अभ्यर्थियों को बार-बार सड़कों पर उतरना पड़ रहा है। राहुल ने मुख्यमंत्री से 27% ओबीसी आरक्षण लागू करने के साथ सभी चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति देने की मांग की। ये अभ्यर्थी चार साल से अधिक समय से नियुक्ति का इंतजार करें।

गणपति विसर्जन के लिए 184 गोताखोर लगाए, 8 घाटों की व्यवस्था संभालेंगे

भोपाल। गणेश विसर्जन के दौरान पानी में किसी श्रद्धालु के साथ हादसा होने पर तत्काल रेस्क्यू के लिए नगर निगम ने 8 प्रमुख घाटों पर 184 गोताखोर तैनात किए हैं। गोताखोर अलग-अलग शिफ्ट में घाटों पर मौजूद रहेंगे। प्रेमपुरा में सबसे ज्यादा 46 गोताखोर तैनात किए गए हैं। यहां 24 फायरकर्मी भी रहेंगे। रानी कमलापति और - हथाईखेड़ा घाट पर 36-36, जबकि बैरागढ़, खटलापुरा और शाहपुरा में 115-15 गोताखोर रहेंगे। मालीखेड़ी में 12 गोताखोर तैनात किए गए हैं। इसी तरह कलियासोत घाट पर भी 6 गोताखोर तैनात रहेंगे। सभी घाटों पर फायर ब्रिगेड और रेस्क्यू वाहन के साथ लाइफ जैकेट, लाइफबोट, ट्यूब, रस्सी और कांटा जैसे जीवन रक्षक संसाधन उपलब्ध रहेंगे। हेल्पलाइन नंबर: 0755-2542222, 0755-2701401, 0755-2540220

पुरानी रंजिश में घर पर फायरिंग,

भोपाल। पुरानी रंजिश में बदमाशों ने बुधवार शाम दो थाना क्षेत्रों में फायरिंग की। पहले टीटी नगर की पत्रकार कॉलोनी में डिलीवरी बॉय विशाल शर्मा के घर पहुंचे। उसकी मां ने दरवाजा बंद किया तो घर पर गोली चला दी। वहां से भागकर आरोपी कमला नगर के आंबेडकर नगर पहुंचे और वहां भी फायरिंग की। दोनों मामलों में हत्या के प्रयास का केस दर्ज किया गया है। पुलिस के मुताबिक विशाल की संदीप अहिरवार से पुरानी रंजिश है।

मानसरोवर तक वही पहुंच पाता है, जिसके भीतर ईश्वर के प्रति प्रेम हो रू अनूप जलोटा

दीक्षांत समारोह में करीब 250 विद्यार्थियों को मिली डिग्री, क्रिकेटर रजत पाटीदार और गायक अनूप जलोटा को मानद उपाधि

डीआर संवाददाता»भोपाल

मानसरोवर ग्लोबल विश्वविद्यालय का चतुर्थ दीक्षांत समारोह बुधवार को कुशाभाऊ ठाकरे कन्वेंशन सेंटर में गरिमामय माहौल में आयोजित किया गया। समारोह में विश्वविद्यालय के नियमित विद्यार्थियों सहित मानसरोवर डेंटल कॉलेज और मानसरोवर समूह के आयुर्वेदिक शिक्षण संस्थानों के करीब 250 विद्यार्थियों को डिग्री प्रदान की गई। इस अवसर पर अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर रजत पाटीदार और प्रसिद्ध गायक अनूप जलोटा को मानद उपाधि से सम्मानित किया गया।

समारोह के मुख्य अतिथि राज्यपाल मंगुभाई पटेल, उच्च शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार, एमपीपीएससी अध्यक्ष प्रो. खेम सिंह डेहरिया, क्रिकेटर रजत पाटीदार और गायक अनूप जलोटा विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मंचासीन अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस दौरान मानसरोवर समूह के संस्थापक ब्रह्मलीन कमलाकांत तिवारी का पुण्यस्मरण भी किया गया।

संस्कारों को जीवन में सर्वोपरि रखें, राज्यपाल

राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि जीवन में सफलता के साथ व्यवहार और आचरण की विनम्रता बनाए रखना जरूरी है। विद्यार्थियों को अपने संस्कारों को हमेशा सर्वोपरि रखना चाहिए। उन्होंने कहा कि शिक्षा केवल डिग्री प्राप्त करने तक सीमित नहीं है, बल्कि इसका उद्देश्य जिम्मेदार और संस्कारवान नागरिक तैयार करना भी है।

उच्च शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार ने कहा कि विद्यार्थी के जीवन को गढ़ने में माता-पिता और गुरु का महत्वपूर्ण योगदान होता है। मानसरोवर संस्थान से मिली शिक्षा और संस्कारों को साथ लेकर विद्यार्थी अपने भविष्य का निर्माण करें और समाज तथा देश के विकास में योगदान दें।

विश्वविद्यालय के प्रो-चांसलर डॉ. गौरव तिवारी ने कहा कि विद्यार्थियों को सकारात्मक ऊर्जा और प्रेरणा के साथ समाज के लिए कुछ बेहतर करने की दिशा में आगे बढ़ना चाहिए।

मेहनत और लक्ष्य पर विश्वास जरूरी रू रजत पाटीदार

क्रिकेटर रजत पाटीदार ने कहा कि वे पहली बार इस तरह के आयोजन में शामिल हुए हैं और छात्रों के बीच आकर उन्हें गर्व महसूस हो रहा है। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि जीवन में हार्डवर्क और लक्ष्य के प्रति विश्वास महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। जिस भी क्षेत्र में जाएं, अपनी क्षमता का पूरा उपयोग करते हुए 110 प्रतिशत देने का प्रयास करें।

प्रसिद्ध गायक अनूप जलोटा ने कहा कि व्यक्ति का व्यवहार उसकी पहचान से भी अधिक सुंदर होना चाहिए। उन्होंने कहा कि जीवन में लक्ष्य प्राप्त करने के लिए अच्छे व्यवहार और सकारात्मक सोच का होना जरूरी है। उन्होंने कहा कि मानसरोवर तक वही पहुंच पाता है, जिसके भीतर ईश्वर के प्रति प्रेम हो।

220 विद्यार्थियों को सत्र समापन पत्र

समारोह में मानसरोवर डेंटल कॉलेज, मानसरोवर आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज, हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर तथा श्री साईं इंस्टीट्यूट ऑफ आयुर्वेदिक रिसर्च एंड मेडिसिन, भोपाल के लगभग 220 छात्र-छात्राओं को सत्र समापन पत्र भी वितरित किए गए।

दीक्षांत समारोह में कुलगुरु डॉ. एस.एस. यादव ने विश्वविद्यालय का वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। प्रो-चांसलर डॉ. अरुण कुमार पाण्डेय ने धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम में प्रभारी डॉ. बी. गुरुदत्त नागल, प्रभारी डॉ. अनुराग सिंह राजपूत, प्रभारी डॉ. मनीषा राठी सहित विश्वविद्यालय और संस्थानों के पदाधिकारी, शिक्षक तथा विद्यार्थी मौजूद रहे।

थाने में वकील से मारपीट पर बवाल, टीआई समेत 3 पुलिसकर्मी निलंबित

डीआर संवाददाता»भोपाल

जहांगीराबाद थाने में अधिवक्ता राकेश रावत और पुलिसकर्मियों के बीच हुए विवाद ने बुधवार को तूल पकड़ लिया। अधिवक्ता के साथ कथित मारपीट के विरोध में बड़ी संख्या में वकील कोर्ट चौराहे पर पहुंच गए और धरना देकर सड़क पर बैठ गए। देर रात तक विरोध प्रदर्शन जारी रहा। मामला बढ़ता देख पुलिस अधिकारियों ने तत्कालीन थाना प्रभारी राजन सिंह अहिरवार समेत तीन पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया। इसके बाद तीनों के खिलाफ एफआईआर भी दर्ज की गई।

बताया गया कि विवाद मंगलवार देर रात जहांगीराबाद थाने में हुआ था। अधिवक्ता राकेश रावत और पुलिसकर्मियों के बीच किसी बात को लेकर विवाद शुरू हुआ, जो बाद में मारपीट तक पहुंच गया। अधिवक्ता के साथ कथित मारपीट की जानकारी मिलने के बाद शहर के अन्य अधिवक्ता भी आक्रोशित हो गए। उन्होंने पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई की मांग को लेकर कोर्ट चौराहे पर धरना शुरू कर दिया।

पुलिस ने अधिवक्ता पर भी लगाए आरोप

मामले में तत्कालीन थाना प्रभारी राजन सिंह अहिरवार का कहना था कि विवाद की शुरुआत अधिवक्ता द्वारा ट्रैफिक एसीपी अजय वाजपेई के साथ कथित बदसलूकी से हुई। पुलिस के अनुसार अधिवक्ता ने लगातार एसीपी को अपशब्द कहे और समझाइश के बावजूद अभद्रता जारी रखी। इसके बाद उन्हें थाने लाया गया, जहां विवाद बढ़ गया। वहीं अधिवक्ता पक्ष का आरोप है कि थाने में उनके साथ पुलिसकर्मियों ने अभद्रता की और मारपीट की। घटना के बाद सामने आए वीडियो को लेकर भी अधिवक्ताओं में नाराजगी रही। प्रदर्शनकारियों ने दोषी पुलिसकर्मियों के खिलाफ कार्रवाई और पूरे मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की।

प्रदेश में खुलेंगे 9 नए आयुर्वेदिक कॉलेज, 25 आयुष भवन बनेंगे, मुख्यमंत्री डाक्टर मोहन यादव

डीआर संवाददाता»भोपाल

11वें राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आयुष क्षेत्र के विस्तार को लेकर कई महत्वपूर्ण घोषणाएं की। बुधवार को पंडित खुशीलाल शर्मा आयुर्वेद महाविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में आयुर्वेद चिकित्सा और आयुष सेवाओं को और मजबूत किया जाएगा। इसके तहत 9 नए आयुर्वेदिक महाविद्यालय खोले जाएंगे, जबकि 25 आयुष भवनों का निर्माण करीब 134 करोड़ रुपए की लागत से किया जाएगा।

मुख्यमंत्री ने आयुष इंटर्न डॉक्टरों के स्टाइपेंड में बढ़ोतरी की भी घोषणा की। उन्होंने कहा कि मेडिकल इंटर्न डॉक्टरों की तरह आयुष इंटर्न डॉक्टरों को भी बढ़ा हुआ स्टाइपेंड दिया जाएगा। इस संबंध में जल्द ही निर्णय लेकर उन्हें शुभ समाचार दिया जाएगा।

1773 आयुर्वेदिक औषधालय संचालित

आयुष मंत्री इंदर सिंह परमार ने बताया कि प्रदेश में वर्तमान में 1,773 आयुर्वेदिक औषधालय, 800 आयुष्मान आरोग्य मंदिर और 68 आयुष विंग संचालित हैं। सरकार का उद्देश्य आयुर्वेद और अन्य आयुष पद्धतियों की सेवाएं आम लोगों तक अधिक प्रभावी तरीके से पहुंचाना है।

8 एकड़ में तैयार हुआ स्टेट कंपोजिट हर्बल गार्डन

राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस पर भोपाल स्थित पंडित खुशीलाल शर्मा आयुर्वेद महाविद्यालय परिसर में तैयार 8 एकड़ के स्टेट कंपोजिट हर्बल गार्डन का भी शुभारंभ किया गया। मुख्यमंत्री ने रिमोट के माध्यम से [illegible] शासकीय वैलनेस एवं समग्र स्वास्थ्य केंद्र का शुभारंभ किया।

भोपाल में कई व्यापारियों ने एमडीआर के विरोध में व्यापारियों ने मनाया 'नो यूपीआई डे'

डीआर संवाददाता»भोपाल

यूपीआई भुगतान पर प्रस्तावित मर्चेंट डिस्काउंट रेट (एमडीआर) शुल्क के विरोध में भोपाल सहित प्रदेश के कई शहरों में व्यापारियों ने 'नो यूपीआई डे' मनाकर सांकेतिक प्रदर्शन किया। व्यापारियों ने दुकानों और प्रतिष्ठानों पर लगे यूपीआई क्यूआर कोड पर काला कपड़ा बांधकर विरोध दर्ज कराया। भोपाल के अलावा इंदौर, जबलपुर और ग्वालियर सहित कई शहरों में व्यापारी इस अभियान में शामिल हुए।

व्यापारी संगठनों का कहना है कि यूपीआई भुगतान पर एमडीआर लागू होने से कारोबारियों पर अतिरिक्त वित्तीय बोझ पड़ेगा। उनका कहना है कि डिजिटल भुगतान को बढ़ावा देने में यूपीआई की महत्वपूर्ण भूमिका रही है और लंबे समय से इसके उपयोग के लिए ग्राहकों तथा व्यापारियों को प्रोत्साहित किया जाता रहा है। ऐसे में इस पर शुल्क लागू करने का प्रस्ताव व्यापारियों के हित में नहीं है।

जीरो एमडीआर व्यवस्था जारी रखने की मांग

व्यापारियों ने यूपीआई लेन-देन पर मौजूदा जीरो-एमडीआर व्यवस्था को जारी रखने की मांग की। उनका कहना है कि डिजिटल भुगतान की सुविधा ग्राहकों और व्यापारियों दोनों के लिए उपयोगी है। यदि लेन-देन पर अतिरिक्त शुल्क लगाया जाता है तो छोटे कारोबारियों पर इसका असर पड़ सकता है।

नो यूपीआई डे के दौरान कुछ व्यापारियों ने ग्राहकों से नकद अथवा अन्य उपलब्ध भुगतान माध्यमों का इस्तेमाल करने की अपील की। व्यापारिक संगठनों ने कहा कि उनका विरोध डिजिटल भुगतान के खिलाफ नहीं, बल्कि यूपीआई पर प्रस्तावित एमडीआर शुल्क के खिलाफ है।

बैंक हड़ताल, रविवार को खुले रहेंगे बैंक, इसके बाद 3 दिन हड़ताल

डीआर संवाददाता»भोपाल

बैंक कर्मियों की यूनियन ने 28 से 30 सितंबर तक 3 दिन की देशव्यापी हड़ताल का ऐलान किया है। इसके चलते रविवार (27 सितंबर) को सार्वजनिक क्षेत्र के सभी बैंक और क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक खुले रहेंगे।

वित्त मंत्रालय ने बताया कि 26-27 सितंबर को शनिवार-रविवार की छुट्टी थी। इसके बाद 3 दिन हड़ताल। इससे बैंकिंग सेवाएं प्रभावित होंगी। जरूरी काम उसी समय तक प्रभावित न हों, इसलिए रविवार को बैंक खुले रहेंगे।

आरबीआई ने सभी बैंक शाखाओं, कार्यालयों, एटीएम से जुड़ी शाखाओं और करेंसी चेस्ट को रविवार को चालू रखने की मंजूरी दी है।

हड़ताल का आह्वान यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियंस ने किया है।

मप्र के चार भाजपा नेताओं को दूसरे राज्यों की संगठनात्मक जिम्मेदारी

डीआर संवाददाता»भोपाल।

भोपाल। भारतीय जनता पार्टी ने राज्यों के संगठनात्मक प्रभारियों और सह प्रभारियों की नई सूची जारी की है। इसमें मध्यप्रदेश के चार नेताओं को आंध्र प्रदेश, राजस्थान, पश्चिम बंगाल और झारखंड की जिम्मेदारी सौंपी गई है। नियुक्तियां 23 सितंबर को घोषित की गईं।

पूर्व मंत्री एवं अटेर से पूर्व विधायक अरविंद भदौरिया को

आंध्र प्रदेश का प्रभारी बनाया गया है। उनके साथ वनाथी श्रीनिवासन को सह प्रभारी की जिम्मेदारी दी गई है। राज्यसभा सांसद एवं भाजपा की राष्ट्रीय सचिव कविता पाटीदार को राजस्थान का सह प्रभारी बनाया गया है। राजस्थान में राजय

भाटिया प्रभारी और कविता पाटीदार तथा कुलजीत चहल सह प्रभारी होंगे।

भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष लाल सिंह आर्य को पश्चिम बंगाल का सह प्रभारी बनाया गया है। यहां सुनील बंसल प्रभारी होंगे, जबकि लाल सिंह

आर्य के साथ राजेंद्र सिंह और पिंकी कुशवाहा सह प्रभारी की भूमिका निभाएंगे।

खरगोन से सांसद और भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री गजेंद्र पटेल को झारखंड का प्रभारी बनाया गया है। उनके साथ सौरभ सिंह और निवेदिता सिंह को सह प्रभारी नियुक्त किया गया है।

इन नियुक्तियों के साथ मध्यप्रदेश के इन चार नेताओं की संगठनात्मक जिम्मेदारी अब प्रदेश से बाहर भी होगी। भाजपा ने इसी फेरबदल में मध्यप्रदेश के लिए भी नया प्रभारी नियुक्त किया है।

त्रिपुरा के पूर्व मुख्यमंत्री बिप्लब कुमार देब को मध्यप्रदेश का प्रभारी और रेखा वर्मा को सह प्रभारी बनाया गया है।

मौसम

बंगाल की खाड़ी में बने मौसम सिस्टम के प्रभाव से मध्यप्रदेश में एक बार फिर बारिश का दौर

0 बंगाल की खाड़ी के सिस्टम से बदलेगा मौसम, भोपाल में हल्की से मध्यम बारिश के आसार



डीआर संवाददाता»भोपाल।

बंगाल की खाड़ी में बने मौसम सिस्टम के प्रभाव से मध्यप्रदेश में एक बार फिर बारिश का दौर शुरू होने के आसार हैं। राजधानी भोपाल सहित प्रदेश के अधिकांश जिलों में 25 से 29 सितंबर के बीच मौसम में बदलाव देखने को मिल सकता है। मौसम विभाग के अनुसार यह मानसून सीजन की अंतिम झड़ी हो सकती है, जो अगले दो से चार दिन तक सक्रिय रह सकती है। इस दौरान भोपाल में हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना है, जबकि कुछ जिलों में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया गया है।

मौसम केंद्र के अनुसार छिंदवाड़ा, सिवनी, मंडला और बालाघाट में भारी बारिश को लेकर येलो अलर्ट जारी किया गया है। इन जिलों में बारिश के साथ स्थानीय स्तर पर मौसम में तेजी से बदलाव हो सकता है। प्रदेश के अन्य हिस्सों में भी बादल छाने और हल्की बारिश होने के आसार हैं।12 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से पश्चिम की ओर बढ़ा सिस्टम मौसम विशेषज्ञ एके शुक्ला के अनुसार बंगाल की खाड़ी में बना कम दबाव वाला सिस्टम पिछले छह घंटे में करीब 12 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से पश्चिम दिशा की ओर बढ़ा है। बुधवार को यह आंध्र प्रदेश से करीब 70 किमी दूर समुद्र में स्थित था। इसके बाद इसके ओडिशा के कलिंगपट्टनम तट की ओर बढ़ने की संभावना जताई गई। सिस्टम के प्रभाव से गुरुवार से मध्यप्रदेश के मौसम में बदलाव शुरू होने का अनुमान है।

पारा गिरेगा, चार दिन बारिश के आसार

विशेषज्ञ शुक्ला के मुताबिक बुधवार से ही भोपाल के मौसम में बदलाव के संकेत मिलने लगे हैं। गुरुवार से अगले चार दिनों तक प्रदेश के अधिकांश जिलों के साथ भोपाल में भी हल्की बारिश हो सकती है। बारिश और बादलों के कारण दिन के तापमान में कुछ गिरावट आने की संभावना है। राजधानी में गुरुवार से शुक्रवार के बीच कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है। मौसम का यह दौर 25 से 29 सितंबर के बीच रहने का अनुमान है।

एक सप्ताह में आएगा भोपाल मास्टर प्लान-2047 का ड्राफ्ट

डीआर संवाददाता»भोपाल

भोपाल मास्टर प्लान-2047 का ड्राफ्ट एक सप्ताह में जारी होने की तैयारी है। टाउन एंड कंट्री प्लानिंग विभाग के अधिकारी करीब डेढ़ महीने से इसकी तैयारियों में जुटे हैं। बुधवार को वल्लभ भवन में एसीएस संजय दुबे की मौजूदगी में करीब तीन घंटे तक भवन निर्माण और भूमि विकास नियमों को लेकर बैठक हुई।

रेसीडेंशियल क्षेत्रों में कमर्शियल गतिविधियों की अनुमति के लिए अधिकारियों ने 2-3 विकल्प तैयार करने का निर्णय लिया है। इनमें प्लॉट का आकार, सड़क की चौड़ाई, पार्किंग की उपलब्धता और संबंधित गतिविधि से क्षेत्र पर



पड़ने वाले प्रभाव को आधार बनाया जाएगा।

करीब 200 पेज के प्रस्तावित ड्राफ्ट में पूरे प्लानिंग क्षेत्र को रेसीडेंशियल, कमर्शियल, औद्योगिक और ग्रीन जोन में बांटकर अलग-अलग विकास नियम तय किए जाएंगे। एक ही श्रेणी के क्षेत्रों में भी स्थानीय परिस्थितियों के अनुसार नियम अलग हो सकते हैं। नए शामिल गांवों और शहर के मौजूदा हिस्सों के लिए भी अलग प्रावधान किए जाने की तैयारी है। इसके साथ 14 साल पुराने भूमि विकास नियमों में बदलाव प्रस्तावित है।

न्यूज गैलरी

अक्टूबर के लिए जिले में संचालित दीनदयाल रसोई केंद्रों को खाद्यान्न आवंटित

सीहोर आवंटित किया गया है। जिला आपूर्ति अधिकारी, सीहोर द्वारा जारी आदेश के अनुसार निर्धारित मात्रा में गेहूं एवं चावल का प्रदाय सुनिश्चित किया जाएगा। योजना के अंतर्गत मुख्य नगर पालिका सीहोर को 12 क्विंटल गेहूं एवं 3 क्विंटल चावल, आष्टा को 12 क्विंटल गेहूं एवं 3 क्विंटल चावल, तथा बुदनी को 12 क्विंटल गेहूं एवं 3 क्विंटल चावल आवंटित किया गया है। इस प्रकार जिले में कुल 36 क्विंटल गेहूं एवं 9 क्विंटल चावल का आवंटन किया गया है। आवंटित गेहूं एवं चावल का प्रदाय रुपये 1 प्रति किलोग्राम की दर से किया जाएगा। दीनदयाल रसोई केंद्रों पर भोजन प्राप्त करने वाले जरूरतमंद नागरिकों को निर्धारित मापदंड के अनुसार भोजन उपलब्ध कराया जाता है। संबंधित अधिकारियों को खाद्यान्न का समय पर उठाव एवं प्रदाय सुनिश्चित करने तथा योजना के सुचारू संचालन के लिए आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए हैं।

अक्टूबर माह के लिए खाद्यान्न आवंटित

सीहोर। दीनदयाल रसोई योजना के अंतर्गत संचालित दीनदयाल रसोई केंद्रों को खाद्यान्न आवंटित किया गया है। दीनदयाल रसोई योजना के अंतर्गत नगर पालिका सीहोर को 12 क्विंटल गेहूं एवं 3 क्विंटल चावल, आष्टा को 12 क्विंटल गेहूं एवं 3 क्विंटल चावल, तथा बुदनी को 12 क्विंटल गेहूं एवं 3 क्विंटल चावल आवंटित किया गया है।

मुफ्त बिजली पाने का मौका, 24 को लगेगा सेवा सेतु कैंप

सीहोर। पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत आम नागरिकों को योजना का लाभ पहुंचाने और जागरूक करने के उद्देश्य से सीहोर में विशेष शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह सेवा सेतु कैंप 24 सितंबर 2026 गुरुवार को सीहोर बस स्टैंड स्थित होटल आर्किडी के पास लगाया जाएगा।

बिजली कंपनी ने नपा को थमाया फरमान

सीहोर। नगर पालिका के पत्राचार के बाद बिजली कंपनी ने अब अपना फरमान जारी कर दिया है। मध्यप्रदेश मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड, शहर जोन–02 के प्रबंधक ने मुख्य नगर पालिका अधिकारी सीहोर को पत्र लिखकर सभी सड़क बत्ती कनेक्शनों पर ऑटो स्विच लगाने को कहा है। जारी पत्र में उल्लेख किया है कि संलग्न सूची में नगर पालिका के निम्न नंबर सड़क बत्ती के विद्युत कनेक्शन हैं, जिसमें विद्युत विभाग के कर्मचारियों द्वारा प्रतिदिन सुबह एवं शाम बंद एवं चालू करना पड़ता है।

जनपद पंचायत भैरूंदा के वार्ड क्रमांक 16 के उप निर्वाचन हेतु सेक्टर मजिस्ट्रेट नियुक्त

सीहोर, कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी (स्थानीय निर्वाचन), जिला सीहोर द्वारा पंचायत उप निर्वाचन 2026 के अंतर्गत जनपद पंचायत भैरूंदा के जनपद सदस्य वार्ड क्रमांक 16 के उप निर्वाचन को स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए सेक्टर मजिस्ट्रेट नियुक्त किए गए हैं।

राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जारी निर्वाचन कार्यक्रम के अनुसार संबंधित मतदान केंद्रों पर निर्वाचन प्रक्रिया को सुचारू रूप से संपन्न कराने तथा आवश्यक व्यवस्थाओं की निगरानी के लिए नियुक्त अधिकारियों को दायित्व सौंपे गए हैं।

विरोध प्रदर्शन व्यापार महासंघ सीहोर के आह्वान पर बुधवार को शहर में नो–यूपीआई डे मनाया

एमडीआर चार्ज के विरोध में सड़क पर उतरे व्यापारी, काली पट्टी बांधकर किया प्रदर्शन

डीआर संवाददाता>सीहोर

एमडीआर चार्ज के विरोध में व्यापार महासंघ सीहोर के आह्वान पर बुधवार को शहर में नो–यूपीआई डे मनाया गया। व्यापारियों ने दुकानों और प्रतिष्ठानों पर लगे यूपीआई क्यूआर कोड को ढक दिया और ऑनलाइन भुगतान लेना बंद रखा। व्यापारियों ने हाथों पर काली पट्टी बांधकर प्रस्तावित शुल्क के खिलाफ विरोध दर्ज कराया। अचानक डिजिटल भुगतान बंद होने से खरीदारी के लिए बाजार पहुंचे आम लोगों को भी परेशानी का सामना करना पड़ा। कई ग्राहकों को नकद राशि की जरूरत पड़ी, जिसके लिए उन्हें एटीएम और बैंक शाखाओं का रुख करना पड़ा।

क्यूआर कोड ढककर जताया विरोध

नो–यूपीआई डे के दौरान शहर के कई बाजारों में दुकानों पर लगे क्यूआर कोड काले कपड़े से ढके नजर आए। व्यापारियों ने दिनभर यूपीआई से भुगतान स्वीकार नहीं किया। उनका कहना था कि डिजिटल भुगतान अब व्यापारिक लेन–देन का महत्वपूर्ण हिस्सा बन चुका है और ग्राहक भी इसके आदी हो चुके हैं। ऐसे में अचानक शुल्क लगाए जाने से व्यापारी और ग्राहक दोनों प्रभावित होंगे।

2000 से अधिक के भुगतान पर एमडीआर का विरोध

व्यापारियों के मुताबिक 15 अक्टूबर से 2000 रुपए से अधिक के पर्सन–टू–मर्चेंट यूपीआई लेन–देन पर 0.4 प्रतिशत एमडीआर शुल्क लगाए जाने का प्रस्ताव है। बड़े लेन–देन में यह शुल्क अधिकतम 300 रुपए तक हो सकता है। व्यापारियों का कहना है कि इससे खासकर कम मार्जिन पर काम करने वाले कारोबारियों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ेगा।

थोक कारोबारियों की बढ़ेगी लागत

थोक किराना, कपड़ा, तेल और अनाज कारोबार से जुड़े व्यापारियों ने कहा कि इन क्षेत्रों में पहले से ही मुनाफे का मार्जिन सीमित रहता है। यदि रोजाना बड़ी संख्या में 2000 रुपए से अधिक के यूपीआई लेन–देन होते हैं तो शुल्क की राशि कारोबार की लागत बढ़ा सकती है। व्यापारियों ने सरकार से प्रस्तावित व्यवस्था पर पुनर्विचार करने की मांग की।

डिजिटल व्यवस्था के खिलाफ नहीं व्यापारी

व्यापारियों ने स्पष्ट किया कि उनका विरोध डिजिटल भुगतान व्यवस्था के खिलाफ नहीं है। उनका कहना है कि सरकार और व्यापार जगत ने मिलकर लोगों को डिजिटल भुगतान की ओर बढ़ाया है। यूपीआई के माध्यम से भुगतान करना अब रोजमर्रा के कारोबार का हिस्सा बन चुका है। ऐसे में अतिरिक्त शुल्क लागू होने से छोटे कारोबारियों पर आर्थिक दबाव बढ़ने की आशंका है।

व्यापारी बोले– आर्थिक बोझ बढ़ेगा

डीलर एसोसिएशन एवं किराना व्यापारी संघ से जुड़े व्यापारियों ने भी विरोध में भाग लिया। डीलर एसोसिएशन अध्यक्ष पंकज खंडेलवाल ने कहा कि यूपीआई व्यापार का अभिन्न हिस्सा बन चुका है। ग्राहक मोबाइल से आसानी से भुगतान करते हैं और व्यापारी भी इसे स्वीकार कर रहे हैं। ऐसे में व्यापारियों पर अतिरिक्त मर्चेंट शुल्क लगाने से छोटे कारोबारियों की लागत बढ़ सकती है।

व्यापारियों ने कहा कि उनकी मांग किसी व्यक्ति या संस्था के विरोध में नहीं, बल्कि व्यापारियों पर पड़ने वाले संभावित आर्थिक भार को लेकर है।

लीलाखेड़ी में सौर ऊर्जा आधारित पेयजल सिस्टम का शुभारंभ

डीआर संवाददाता>सीहोर

जिले की लीलाखेड़ी पंचायत के अंतर्गत आगमाना गांव में सीपा संस्था के माध्यम से सौर ऊर्जा आधारित पेयजल सिस्टम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला पंचायत सीहोर की मुख्य कार्यपालन अधिकारी सर्जना यादव एवं उनकी टीम मौजूद रही।

कार्यक्रम के दौरान अधिकारियों ने सोलर बेस्ड ड्रिंकिंग वाटर सिस्टम का शुभारंभ किया। इसके साथ ही सीपा संस्था द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में संचालित विभिन्न गतिविधियों की जानकारी ली। संस्था की टीम ने ग्रामीण आजीविका, मचान खेती, जल संरक्षण, शुद्ध पेयजल और पेयजल गुणवत्ता जांच से संबंधित गतिविधियों का प्रदर्शन किया।

जिला पंचायत सीईओ सर्जना यादव ने ग्रामीण क्षेत्रों में आधुनिक तकनीक के माध्यम से जल संरक्षण, पेयजल गुणवत्ता सुधार और आजीविका संवर्धन के लिए किए जा रहे प्रयासों की सराहना की। उन्होंने आयोजन के लिए सीपा संस्था की टीम को शुभकामनाएं दीं।

सीपा संस्था के मुख्य अधिकारी आशीष जैन ने बताया कि पंचायत के सहयोग से ग्रामीण क्षेत्रों में जल संरक्षण और पेयजल सुविधा को लेकर कार्य किए जा रहे हैं। कार्यक्रम में सीपा संस्था के सूरज वर्मा, चेतन ठाकुर, शिवानी पटेल सहित टीम के सदस्य मौजूद रहे।

कांग्रेसी नेता की गिरफ्तारी के लिए पुलिस ने 2 हजार रुपए का इनाम घोषित

डीआर संवाददाता>सीहोर

शादी का झांसा देकर युवती का यौन शोषण करने और बाद में धमकी देने के आरोप में फरार कांग्रेस संगठन के प्रदेश प्रतिनिधि अर्जुन शर्मा की गिरफ्तारी के लिए पुलिस ने 2 हजार रुपए का इनाम घोषित किया है। बिलकिसगंज पुलिस आरोपी की तलाश में लगातार दबिश दे रही है। साथ ही उसकी चल–अचल संपत्ति की जानकारी भी जुटाई जा रही है। गिरफ्तारी नहीं होने पर संपत्ति कुर्की के लिए न्यायालय से अनुमति लेने की कार्रवाई की जाएगी। पुलिस के अनुसार युवती ने भोपाल के शाहपुरा थाने में शिकायत की थी। वहां जीरो पर कायमी के बाद मामला बिलकिसगंज थाने भेजा गया, जहां 26 जुलाई 2026 को बीएनएस की संबंधित धाराओं में प्रकरण दर्ज किया गया। पुलिस के मुताबिक युवती ने आरोप लगाया है कि आरोपी उसे बिलकिसगंज क्षेत्र के जंगल स्थित एक रिसॉर्ट में लेकर गया, जहां उसका यौन शोषण किया गया। शिकायत के अनुसार अगस्त 2025 से मई 2026 के बीच कई बार संबंध बनाए गए और शादी के लिए दबाव डालने पर धमकी दी गई। एसडीओपी इछावर पूजा शर्मा ने बताया कि आरोपी की गिरफ्तारी के लिए दबिश जारी है और उसकी संपत्ति

प्रधानमंत्री एक्सीलेंस पीजी कॉलेज में एनएसयूआई कार्यकर्ताओं का प्रदर्शन

डीआर संवाददाता>सीहोर

सीहोर। प्रधानमंत्री एक्सीलेंस पीजी कॉलेज में बुधवार को एनएसयूआई कार्यकर्ताओं और विद्यार्थियों ने विभिन्न मांगों को लेकर प्रदर्शन किया। जिला अध्यक्ष हरिओम सिसोदिया के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने प्राचार्य कक्ष से संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर की तस्वीर हटाने, परीक्षा हॉल को एबीवीपी के कार्यक्रम के लिए उपयोग किए जाने तथा अंबेडकर लाइब्रेरी को परीक्षा हॉल में बदलने का विरोध किया।

जिला अध्यक्ष हरिओम सिसोदिया ने आरोप लगाया कि कॉलेज प्राचार्य अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के दबाव में काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि डॉ. अंबेडकर की तस्वीर हटाना उनका अपमान है, जिसे एनएसयूआई कार्यकर्ता स्वीकार नहीं करेंगे। छात्र नेता राज यादव ने कहा कि कॉलेज के परीक्षा हॉल को किसी संगठन के निजी कार्यक्रम के लिए उपलब्ध कराना नियमों के अनुरूप नहीं है। उन्होंने कहा कि डॉ. अंबेडकर के नाम पर बनी केंद्रीय लाइब्रेरी विद्यार्थियों के अध्ययन और ज्ञान का केंद्र है। इसे परीक्षा कक्ष में परिवर्तित करना छात्रहितों के खिलाफ है।

प्रदर्शन में पूर्व जिला उपाध्यक्ष स्वाति यादव, विष्णु मालवीय, रघु वर्मा, अभिषेक मालवीय, नेसी, नितिन सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता और विद्यार्थी मौजूद रहे

किसानों ने भैंसों के आगे न्याय की गुहार लगाकर किया जल सत्याग्रह

पार्वती नदी में तीसरे दिन भी आंदोलन जारी, झूलती बिजली लाइनों पर कार्रवाई की मांग



डीआर संवाददाता>सीहोर

सीहोर। विद्युत लाइनों की समस्या और विद्युत मंडल की कथित लापरवाही के विरोध में सीहोर और शाजापुर जिले के किसानों का पार्वती नदी में तीसरे दिन भी जल सत्याग्रह जारी रहा।

किसानों ने नदी के गहरे पानी में भैंसों को खड़ा कर नारेबाजी की और कहा कि सरकार उनकी आवाज नहीं सुन रही, इसलिए अब भैंसों के आगे अपनी बात रख रहे हैं।

किसानों का आरोप है कि ग्रामीण क्षेत्रों में खेतों और घरों के ऊपर 11 केवी और एलटी बिजली लाइनें झूल रही हैं। इनके कारण लोगों के घायल होने और पशुओं की मौत की घटनाएं हुई हैं। किसान जिम्मेदार विद्युत अधिकारियों के खिलाफ एफआईआर की मांग कर रहे हैं।

एमएस मेवाड़ा के नेतृत्व में 25 से अधिक गांवों के 500 से ज्यादा किसान करीब दो माह से आंदोलन कर रहे हैं। किसानों का कहना है कि मांग पूरी होने तक जल सत्याग्रह जारी रहेगा।

ग्राम सारंगाखेड़ी में कुछ रसूखदारों पर शासकीय भूमि पर कब्जा करने वालों के खिलाफ राजस्व विभाग की कार्रवाई

डीआर संवाददाता> आष्टा

सीहोर। शासन के निर्देशानुसार शासकीय भूमि पर किए गए अतिक्रमण के खिलाफ राजस्व विभाग द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में बुधवार को राजस्व विभाग की टीम ने ग्राम सारंगाखेड़ी में शासकीय भूमि पर किए गए अतिक्रमण को हटाने की कार्रवाई की।

प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम सारंगाखेड़ी में कुछ रसूखदारों द्वारा शासकीय भूमि पर कब्जा किया गया था। इसकी जानकारी मिलने पर नायब तहसीलदार छगनजी मालवीय के नेतृत्व में हल्का पटवारी नीलेश यादव सहित राजस्व अमले ने मौके पर पहुंचकर जांच की और शासकीय भूमि से अतिक्रमण हटवाया। नायब तहसीलदार एवं हल्का पटवारी नीलेश यादव ने बताया कि शासन के निर्देशानुसार शासकीय भूमि को अतिक्रमण से मुक्त कराने की कार्रवाई आगे भी निरंतर जारी रहेगी।

राजस्व विभाग द्वारा शासकीय भूमि पर अवैध कब्जा करने वालों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

भागवत कथा अग्रवाल महिला मंडल के तत्वावधान में आयोजित सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा के चौथे दिन

आस्था और उत्साह के साथ मनाया भगवान राम–कृष्ण का जन्मोत्सव

डीआर संवाददाता> सीहोर

बड़ा बाजार स्थित अग्रवाल धर्मशाला में अग्रवाल महिला मंडल के तत्वावधान में आयोजित सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा के चौथे दिन भगवान श्रीराम और श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। कथा वाचक भागवत भूषण पंडित प्रदीप मिश्रा ने श्रद्धालुओं को कर्म के सिद्धांत का महत्व बताते हुए कहा कि मनुष्य जैसा कर्म रूपी बीज बोता है, उसे भविष्य में वैसा ही फल प्राप्त होता है। अच्छे कर्म सुख और बुरे कर्म परेशानी का कारण बनते हैं।

कथा के दौरान भगवान श्रीकृष्ण के जन्म प्रसंग पर आकर्षक झांकी सजाई गई। जैसे ही वासुदेव भगवान श्रीकृष्ण को टोकरी में लेकर कथा पंडाल में पहुंचे, श्रद्धालुओं ने जयकारों के साथ जन्मोत्सव का स्वागत किया। ढोल–नगाड़ों की थाप पर श्रद्धालु झूम उठे। पुष्पवर्षा के साथ एक–दूसरे को बधाइयां दी गईं और माखन–मिश्री व मिठाइयों का वितरण किया गया।

पंडित प्रदीप मिश्रा ने कहा कि जब संसार में अधर्म बढ़ता है, तब भगवान धर्म की स्थापना और मानव कल्याण के लिए अवतार धारण करते हैं। उन्होंने देवकी–वासुदेव और श्रीकृष्ण जन्म प्रसंग के माध्यम से भक्ति, साधना और ईश्वर के प्रति आस्था का महत्व बताया। उन्होंने कहा कि धार्मिक ग्रंथ मनुष्य को सादगी, प्रेम, समर्पण और सदाचार के साथ जीवन जीने की प्रेरणा देते हैं। कथा में शहर सहित आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए।

सीहोर। बड़ा बाजार स्थित अग्रवाल धर्मशाला में अग्रवाल महिला मंडल के तत्वावधान में आयोजित सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा के चौथे दिन भगवान श्रीराम और श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। कथा वाचक भागवत भूषण पंडित प्रदीप मिश्रा ने श्रद्धालुओं को कर्म के सिद्धांत का महत्व बताते हुए कहा कि मनुष्य जैसा कर्म रूपी बीज बोता है, उसे भविष्य में वैसा ही फल प्राप्त होता है। अच्छे कर्म सुख और बुरे कर्म परेशानी का कारण बनते हैं।

कथा के दौरान भगवान श्रीकृष्ण के जन्म प्रसंग पर आकर्षक झांकी सजाई गई। जैसे ही वासुदेव भगवान श्रीकृष्ण को टोकरी में लेकर कथा पंडाल में पहुंचे, श्रद्धालुओं ने जयकारों के साथ जन्मोत्सव का स्वागत किया। ढोल–नगाड़ों की थाप पर श्रद्धालु झूम उठे। पुष्पवर्षा के साथ एक–दूसरे को बधाइयां दी गईं और माखन–मिश्री व मिठाइयों का वितरण किया गया।

सेवा संकल्प: बालिकाओं ने मंदिर परिसर में चलाया स्वच्छता अभियान

डीआर संवाददाता> सीहोर

सूर्या फाउंडेशन, नई दिल्ली द्वारा संचालित माता शबरी आवासीय कन्या शिक्षा परिसर, सीहोर की बालिकाओं ने सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत प्राचीन चिंतामणि गणेश मंदिर एवं हनुमानगढ़ी का आह्वान भी किया। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक अमित दुबे, शिक्षिका रवीना जी एवं दिलेश्वर जी उपस्थित रहे। विद्यालय प्राचार्य डॉ. विनीत गाय ने बालिकाओं के सामाजिक सरोकार से जुड़े कार्य की प्रशंसा की। उन्होंने बालिकाओं को सदैव स्वच्छता

डीआर सीहोर

आष्टा, इछावर, भैरूंदा, श्यामपुर, बुदनी, कोठरी, अमलाहा, दोराहा, अहमदपुर, जावर भाद्रपद शुक्ल पक्ष 13-2083 सीहोर, दिन गुरुवार, दिनांक 24 सितम्बर 2026

न्यूज गैलरी

087. 4 अंक हासिल कर संकुल में प्रथम आई जानकी को स्कूटी दी

आष्टा। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोठरी की कक्षा 12वीं आर्ट संकाय की छात्रा जानकी राठौर ने 87. 4 प्रतिशत अंक हासिल कर संकुल स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त किया। उनकी इस उपलब्धि पर मध्यप्रदेश शासन की मेधावी विद्यार्थी योजना के तहत उन्हें स्कूटी प्रदान की गई। स्कूटी मिलने पर विद्यालय परिवार और परिजनों में खुशी का माहौल है। जानकी ने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता और विद्यालय के शिक्षकों को दिया। परीक्षा परिणाम घोषित होने के बाद विद्यालय के शिक्षकों और सहपाठियों ने भी उन्हें बधाई दी थी। विद्यालय की प्राचार्य एनेल्डा टिर्की सहित सभी शिक्षकों ने स्कूटी मिलने पर खुशी जताते हुए जानकी के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। शिक्षकों ने कहा कि जानकी ने मेहनत और लगन से विद्यालय के अन्य विद्यार्थियों के सामने उदाहरण प्रस्तुत किया है।

पंचायत उप निर्वाचन के लिए सेक्टर मजिस्ट्रेट नियुक्त

सीहोर। पंचायत उप निर्वाचन 2026 के तहत जनपद पंचायत भैरूंदा के जनपद सदस्य वार्ड-16 के उप निर्वाचन को स्वतंत्र, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण तरीके से कराने के लिए सेक्टर मजिस्ट्रेट नियुक्त किए गए हैं। आदेश के अनुसार डॉ. मुकेश निवारिया, पशु चिकित्सक और उप संचालक, पशु चिकित्सा विभाग भैरूंदा को संबंधित मतदान केंद्रों के लिए सेक्टर मजिस्ट्रेट बनाया है।

पंचायत उपचुनाव 29 को, श्रमिकों का रहेगा अवकाश

सीहोर। मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार पंचायतों के उप निर्वाचन वर्ष-2026 के तहत 29 सितंबर मंगलवार को मतदान होगा। मतदान के दिन मतदाताओं को सुविधा देने के लिए श्रमिकों को सवैतनिक अवकाश देने के निर्देश जारी किए गए हैं। कारखानों में काम करने वाले कर्मचारियों को मतदान के लिए साप्ताहिक अवकाश के प्रावधान के मुताबिक मतदान दिवस पर सवैतनिक अवकाश मिलेगा।

दिव्यांग बच्चों के लिए आज से 29 सितंबर तक शिविर

सीहोर। जिले में विशेष आवश्यकता वाले दिव्यांग बच्चों के लिए विकासखंडवार एक दिवसीय चिकित्सकीय मूल्यांकन शिविर होंगे। शिविरों में कक्षा 1 से 8 तक पढ़ने वाले विशेष आवश्यकता वाले बच्चों की औपचारिक पहचान होगी। चिकित्सकीय मूल्यांकन होगा। बुधनी विकासखंड में 24, इछावर में 25, भैरूंदा में 26 आष्टा में 28 सीहोर विकासखंड में 29 को शिविर आयोजित होंगे।

आवंटनरू 5 अक्टूबर तक ऑनलाइन आवेदन करें

सीहोर। कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (खाद्य शाखा) भैरूंदा द्वारा जनपद पंचायत भैरूंदा अंतर्गत ग्राम पंचायत मंडीखेड़ी एवं नीलकंठ में रिक्त उचित मूल्य दुकानों के आवंटन की प्रक्रिया प्रारंभ की गई है। आवंटन के लिए पात्र संस्थाओं एवं समूहों से 23 सितंबर से 5 अक्टूबर तक आवेदन आमंत्रित किए गए हैं।

ज्ञापन दिया

किसानों की समस्याओं और विसंगतियों को लेकर कांग्रेस ने सौंपा ज्ञापन

205 गांवों के किसानों को फसल बीमा राशि नहीं मिलने का दावा, खाद वितरण में पारदर्शिता की मांग

डीआर संवाददाता>> आष्टा।

किसानों की विभिन्न समस्याओं और कृषि संबंधी व्यवस्थाओं में कथित विसंगतियों को लेकर ब्लॉक कांग्रेस आष्टा ने बुधवार को अनुविभागीय अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। इसमें फसल बीमा से वंचित गांवों के किसानों को शीघ्र राशि दिलाने, खाद वितरण व्यवस्था में सुधार करने और अल्प वर्षा को देखते हुए स्टॉप डेम के शटर बंद कर पानी संरक्षित करने सहित कई मांगें उठाई गईं।

ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह मेमदाखेड़ी ने कहा कि आष्टा क्षेत्र में वर्ष 2025 की फसल बीमा राशि जारी की जा चुकी है, लेकिन करीब 205 गांवों के किसानों को अब तक बीमा राशि नहीं मिली है। उन्होंने दावा किया कि जिन गांवों में राशि मिली है, वहां भी कई किसानों को अपेक्षाकृत कम राशि प्राप्त हुई है। कांग्रेस ने प्रशासन से बीमा से वंचित गांवों की स्थिति की जांच करवाकर पात्र किसानों को जल्द राशि उपलब्ध कराने की मांग की।

खाद वितरण पर उठाए सवाल

कांग्रेस नेताओं ने खाद वितरण व्यवस्था को लेकर भी चिंता जताई। उनका आरोप है कि आष्टा क्षेत्र से बड़ी मात्रा में खाद बाहर भेजा जा रहा है। यदि वितरण की यही स्थिति बनी रही तो आगामी समय में स्थानीय किसानों को जरूरत के मुताबिक खाद की कमी का सामना करना पड़ सकता है। उन्होंने क्षेत्र की आवश्यकता के अनुसार खाद की उपलब्धता सुनिश्चित करने और वितरण व्यवस्था में पारदर्शिता बरतने की मांग की।

स्टॉप डेम के शटर बंद करने की मांग

ज्ञापन में अल्प वर्षा को देखते हुए जल संरक्षण पर भी जोर दिया गया। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि उपलब्ध पानी को सुरक्षित रखने के लिए क्षेत्र के स्टॉप डेम के शटर जल्द बंद किए जाने चाहिए, ताकि आगामी समय में किसानों को सिंचाई के लिए पानी उपलब्ध हो सके।

कांग्रेस ने प्रशासन से किसानों से जुड़े इन मुद्दों पर शीघ्र कार्रवाई कर राहत देने की मांग की। ज्ञापन के दौरान कैलाश परमार, मीना सिंगी, कमलसिंह चौहान, सोहेल मिर्जा, सुनील सेठी, विनीता सिंगी, जगदीश चौहान, घनश्याम जांगड़ा, इदरीस मंसूरी, जाहिद गुड्डू, रतनसिंह ठाकुर, लोकेन्द्र बनवट, कंवरसिंह ठाकुर, सलीम अंसारी, नईमुद्दीन, राजेंद्र दरबार, दौलतसिंह, चेतन ठाकुर, कृपाल मालवीय, गौतम ठाकुर, आत्माराम परमार, फैज़ुद्दीन, अरविंद नेवाड़ा, प्रदीप भाटी, रामचरण दयालिया, परमानंद सेन, लखन ठाकुर, नितेश ठाकुर, विलास जाट, नासिर खान, जनकर पटेल, हरि मेवाड़ा, रवींद्र ठाकुर, देवेंद्र ठाकुर, अंकित ठाकुर, डॉ. एजाज, उमेद ठाकुर, अशोक मंडलोई, दिलीप महेश पटेल, भरत वर्मा, शंकर सक्सेना सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

समाज की मजबूती, शिक्षा और कुरीतियों के उन्मूलन पर हुआ मंथन

डीआर संवाददाता>> सीहोर

राष्ट्रीय कलचुरी एकता महासंघ के तत्वावधान में पिपरिया स्थित रिसोर्ट में कलचुरी समाज का महासंगम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के सूत्रधार एवं आयोजक महासंघ के उपाध्यक्ष राकेश कटकवार डिम्पू भैया रहे। अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष राकेश राय ने की, जबकि राष्ट्रीय संयोजक अर्चना जायसवाल मुख्य अतिथि रहीं।

कार्यक्रम की शुरुआत भगवान सहस्त्रबाहु जी के चित्र पर पूजन-अर्चन एवं आरती से हुई। देश के विभिन्न प्रांतों से आए समाज के प्रतिनिधियों ने सामाजिक एकता, शिक्षा और संगठन को मजबूत करने सहित समाज की बेहतरी से जुड़े विषयों पर विचार रखे। मुख्य अतिथि अर्चना जायसवाल ने मध्यप्रदेश के प्रत्येक जिले के समाज संगठन से कमजोर आर्थिक परिस्थिति वाले एक विद्यार्थी की शिक्षा-दीक्षा की जिम्मेदारी उठाने का आह्वान किया।

उन्होंने बताया कि पिपरिया के कलचुरी भवन में राष्ट्रीय कलचुरी एकता महासंघ के सहयोग से भगवान सहस्त्रबाहु जी की मूर्ति प्रदान की जाएगी, जिसे भवन में स्थापित किया जाएगा। उन्होंने कलचुरी समाज के इतिहास और वर्तमान सामाजिक स्थिति पर भी प्रकाश डाला। प्रदेश अध्यक्ष राकेश राय सहित अन्य वक्ताओं ने समाज में व्याप्त कुरीतियों को दूर करने और सामूहिक विवाह को बढ़ावा देने पर जोर दिया।

कार्यक्रम में वर्ष 2027 में दिल्ली में प्रस्तावित कलचुरी समाज के विशाल महासंगम की रूपरेखा पर भी चर्चा हुई। पिपरिया समाज के 75 वर्ष से अधिक आयु के करीब 30 वरिष्ठ महिला-पुरुषों का मंच से सम्मान किया गया। इसके साथ ही महासंघ के नवनियुक्त पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण कराया गया। भोजन के बाद भगवान सहस्त्रबाहु जी पर आधारित फिल्म 'जय महिष्मति' का प्रदर्शन किया गया।

वन कर्मचारियों ने इलेक्ट्रॉनिक उपस्थिति व्यवस्था पर उठाए सवाल

डीआर संवाददाता>> सीहोर

वन एवं वन्य प्राणी संरक्षण कर्मचारी संघ, जिला धार ने वन मैदानी अमले के लिए लागू की जा रही 8 घंटे की इलेक्ट्रॉनिक उपस्थिति व्यवस्था को लेकर विभाग से स्पष्ट लिखित निर्देश जारी करने की मांग की है। संघ का कहना है कि सुबह 10 से शाम 6 बजे तक ड्यूटी निर्धारित होने के बाद वन क्षेत्र में होने वाली अवैध कटाई, लकड़ी परिवहन, अवैध चराई, आगजनी और वन्यजीवों के बचाव जैसी घटनाओं की जिम्मेदारी को लेकर स्थिति स्पष्ट नहीं है।

संघ ने विभाग से पूछा है कि निर्धारित ड्यूटी अवधि समाप्त होने के बाद वन क्षेत्र का प्रभार किस कर्मचारी को सौंपा जाएगा और रात के समय जंगल की निगरानी की जिम्मेदारी किसकी होगी। संघ ने वन क्षेत्रों में 24 घंटे निगरानी व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रत्येक बीट में अतिरिक्त अमला उपलब्ध कराने की मांग की है।

इसके अलावा साप्ताहिक, सार्वजनिक और ऐच्छिक अवकाश के दौरान वन सुरक्षा की 24 घंटे जिम्मेदारी तय करने के साथ अतिरिक्त पारिश्रमिक देने के संबंध में भी स्पष्ट निर्देश जारी करने की मांग की गई है।

संघ ने उपस्थिति ऐप के माध्यम से गश्ती और अन्य विभागीय कार्य कराने पर कर्मचारियों को विभागीय मोबाइल एवं इंटरनेट सुविधा देने की बात कही। निजी मोबाइल के उपयोग की स्थिति में इंटरनेट खर्च, उपकरण संबंधी समस्या और तकनीकी जिम्मेदारी तय करने की मांग की गई है।

मोह-लोभ का त्याग कर परोपकार की भावना से जीवन जीने का आह्वान

डीआर संवाददाता>> आष्टा



दसलक्षण महापर्व के तहत शुक्रवार को किला मंदिर पार्श्वनाथ दिगंबर जैन दिव्योदय अतिशय तीर्थ क्षेत्र में धर्मसभा आयोजित हुई। मुनि सागर महाराज ने उत्तम त्याग धर्म की व्याख्या करते हुए मोह, लोभ और अज्ञान का त्याग कर आत्मकल्याण के साथ परोपकार की भावना से जीवन जीने का संदेश दिया।

मुनिश्री ने कहा कि त्याग का अर्थ केवल किसी वस्तु को छोड़ना नहीं, बल्कि अपनी आवश्यकताओं से ऊपर उठकर जरूरतमंदों की सहायता करना है। समर्थ लोगों को असमर्थों की मदद के लिए आगे आना चाहिए। उन्होंने धर्मक्षेत्र में दान के महत्व पर प्रकाश डालते हुए आहार दान और औषधि दान को भी महत्वपूर्ण बताया। धार्मिक कार्य के लिए की गई दान की घोषणा को समय पर पूरा करने का आग्रह किया।

मुनिश्री ने कहा कि जीवों के प्रति करुणा और अहिंसा जैन धर्म की मूल भावना है। इसलिए भी रक्षा और जीवदया के प्रति सजग रहना चाहिए। उन्होंने दसलक्षण महापर्व को आत्मशुद्धि और आत्मचिंतन का अवसर बताते हुए कहा कि इन दिनों में व्यक्ति को अपने भीतर के विकारों को पहचानकर दूर करने का प्रयास करना चाहिए।

कार्यक्रम के दौरान स्वस्ति महामंडल द्वारा आयोजित म्यूजिकल धार्मिक तंबोला में समाजजनों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

कर्तव्य भवन में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक में नेत्र स्वास्थ्य से जुड़े मुद्दे उठाए

डीआर संवाददाता>> आष्टा।

ऑल इंडिया ऑप्थाल्मिक फिजिशियन एंड कंसल्टेंट हेल्थकेयर सोसाइटी के अध्यक्ष डॉ. अतुल उपाध्याय ने नई दिल्ली के कर्तव्य भवन में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक में नेत्र स्वास्थ्य से जुड़े मुद्दे उठाए। उन्होंने नेत्र चिकित्सा सेवाओं को प्रभावी बनाने, ऑप्थाल्मिक और ऑप्टोमेट्री क्षेत्र के विकास तथा प्रोफेशनल्स की समस्याओं पर चर्चा की। आमजन तक बेहतर नेत्र सेवाएं पहुंचाने के लिए विशेषज्ञों, संस्थाओं और सरकारी विभागों के बीच समन्वय पर जोर दिया गया। बैठक में सोसाइटी के पदाधिकारी मौजूद रहे।

बीए में प्रथम जीनत को स्वर्ण पदक

भैरूंदा बरकतउल्ला विश्वविद्यालय भोपाल के दीक्षांत समारोह में राय साहब भंवर सिंह महाविद्यालय की बीए छात्रा जीनत मंसूरी ने विश्वविद्यालय में प्रथम स्थान हासिल किया। राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने उन्हें स्वर्ण पदक प्रदान किया। महाविद्यालय के डायरेक्टर डॉ. नरेंद्र सिंह भाटी ने जीनत को बधाई दी। जीनत ने सफलता का श्रेय शिक्षकों के मार्गदर्शन और माता-पिता के सहयोग को दिया।

दीपक वर्मा बने दशहरा उत्सव समिति अध्यक्षआष्टा।

श्रीराम मंदिर परिसर खड़ी हाट में दशहरा उत्सव समिति की बैठक हुई। ग्राम पंचायत खड़ी के सरपंच मनोहर सिंह पटेल के प्रस्ताव पर दीपक वर्मा को सर्वसम्मति से अध्यक्ष बनाया गया। समिति ने 21 अक्टूबर को परंपरा के अनुसार दशहरा उत्सव आयोजित करने का निर्णय लिया। उपाध्यक्ष सहित अन्य पदों पर भी सदस्यों की नियुक्ति की गई।

---

11 जुलाई से अनुपस्थित शाला प्रभारी का वेतन रोकने के निर्देश

पचार स्कूल में शैक्षणिक व्यवस्था संतोषजनक नहीं मिलने पर बीईओ ने की कार्रवाई

डीआर संवाददाता>> बिलकिसगंज।

श्यामपुर। विकासखंड शिक्षा अधिकारी स्वाती नागेश ने बुधवार को संकुल केंद्र श्यामपुर की शासकीय प्राथमिक शाला पचार, पान बिहार सहित अन्य स्कूलों का निरीक्षण किया। पचार स्कूल में शैक्षणिक व्यवस्था संतोषजनक नहीं मिलने पर उन्होंने दोनों शिक्षकों का वेतन रोकने के निर्देश संकुल प्राचार्य को दिए।

निरीक्षण में शाला प्रभारी एवं प्राथमिक शिक्षक भावना श्रीवास्तव 11 जुलाई से बिना सूचना अनुपस्थित मिलीं। वहीं शिक्षक नवीन कुमार वैरागी 28 अगस्त से चिकित्सा अवकाश पर हैं। शिक्षकों की अनुपस्थिति के चलते 10 सितंबर से पान बिहार स्कूल से एक शिक्षक की वैकल्पिक व्यवस्था की गई है।

पचार स्कूल में शिक्षकों की अनुपस्थिति का मामला सोशल मीडिया पर सामने आने के बाद बीईओ ने निरीक्षण किया। उन्होंने स्कूल की शैक्षणिक व्यवस्था पर निगरानी रखने के निर्देश दिए। पान बिहार स्कूल में व्यवस्था सामान्य मिली। बीईओ ने बच्चों के शैक्षणिक स्तर की भी जांच की।

पुलिस पंचायत

बेटे ने मां-बाप से की मारपीट तो पिता पहुंचे पुलिस पंचायत

4.5 एकड़ जमीन के विवाद में छह भाई-बहनों में खींचतान, 12 साल पुराने 15 हजार रुपए के उधार का भी निकला रास्ता

डीआर संवाददाता>> सीहोर

'परिवार के भीतर बढ़ते विवादों और बुजुर्गों की समस्याओं के समाधान के लिए बुधवार को सीनियर सिटीजन पुलिस पंचायत आयोजित की गई। एसपी सोनाक्षी सक्सेना की पहल पर हुई पंचायत में बुजुर्गों से जुड़े कई मामलों की सुनवाई की गई। एक मामले में बेटे द्वारा पिता से मारपीट करने पर उसे समझाइश देकर पिता से माफी मंगवाई गई, जबकि दूसरे मामले में बेटे-बहू ने बुजुर्ग माता-पिता से अभद्रता के लिए माफी मांगी।

4 बेटों के बावजूद राशन पर निर्भर पिता

मंडी क्षेत्र के 75 वर्षीय बुजुर्ग ने बताया कि उनके चार बेटे और दो बेटियां हैं। उन्होंने कुछ जमीन एक बेटे के नाम रजिस्ट्री कर दी थी, जबकि बाकी जमीन पर बेटे खेती कर रहे हैं। बुजुर्ग दंपती के पास अब अपनी जमीन नहीं बची है और बेटे उन्हें केवल भोजन के लिए राशन देते हैं। एक बेटे ने पिता से मारपीट भी की। पंचायत ने बेटे को फटकार लगाते हुए माता-पिता के साथ सम्मानजनक व्यवहार की समझाइश दी। बेटे ने गलती स्वीकार कर पिता के पैर छूकर माफी मांगी।

बेटे-बहू ने भी मांगी माफी

सीहोर निवासी बुजुर्ग दंपती ने घरेलू विवाद और मारपीट की शिकायत की थी। मामला एफआईआर तक पहुंच गया था। पंचायत में दोनों पक्षों को सुनने के बाद भविष्य में विवाद न बढ़ाने की समझाइश दी गई। इसके बाद बेटे और बहू ने बुजुर्ग माता-पिता से माफी मांगकर सम्मान के साथ रखने की सहमति दी।

12 साल पुराने 15 हजार रुपए के विवाद में समझौता

देहात क्षेत्र के 80 वर्षीय बुजुर्ग ने बताया कि उन्होंने 12 साल पहले 15 हजार रुपए उधार दिए थे, जो वापस नहीं मिले। सामने वाले व्यक्ति ने मूलधन से अधिक राशि लौटाने की बात कही। दोनों पक्षों की सहमति से धार्मिक स्थल पर राशि रखने और ईश्वर को साक्षी मानकर अपना पक्ष रखने पर सहमति बनी।

पंचायत में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. प्रशांत चौबे सहित कोर कमेटी के सदस्य अनिल पालीवाल, कमल सिंह ठाकुर और विपुल चांडक मौजूद रहे। वरिष्ठ नागरिक पुलिस कार्यालय में निःशुल्क आवेदन देकर परिचय पत्र भी बनवा सकते हैं।

पोषण को लेकर महिलाओं और बच्चों को किया जागरूक

डीआर संवाददाता>> भैरूंदा।

तहसील की ग्राम पंचायत नीलकंठ के ग्राम चकेटी स्थित आंगनवाड़ी केंद्र में मंगलवार को राष्ट्रीय पोषण माह के तहत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। महिला एवं बाल विकास विभाग के निर्देश पर हुए कार्यक्रम में महिलाओं, गर्भवती माताओं, किशोरियों और बच्चों के स्वास्थ्य एवं पोषण से जुड़ी जानकारी दी गई।

महिलाओं और बालिकाओं को संतुलित व पौष्टिक आहार के महत्व के बारे में बताया गया। गर्भवती महिलाओं को पौष्टिक खान-पान, नियमित स्वास्थ्य जांच, स्वच्छता और आवश्यक पोषक तत्वों के सेवन की जानकारी दी गई। बच्चों के शारीरिक एवं मानसिक विकास के लिए पौष्टिक भोजन और संतुलित आहार देने पर जोर दिया गया। सुपरवाइजर साजिया खान ने कहा कि पर्याप्त एवं संतुलित पोषण कुपोषण की रोकथाम में महत्वपूर्ण है। स्थानीय खाद्य पदार्थों का उचित उपयोग कर भी पौष्टिक भोजन तैयार किया जा सकता है। कार्यक्रम में आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सुमन सोलंकी, सहायिका अंजुम बी, एमएम मंजू मसखोले, सीए वर्मा, ममता यादव, आशा कार्यकर्ता रुकसाद बी सहित महिलाएं मौजूद रहीं।

डिजीटल अखबार
डीआर विदिशा
गंजबासौदा, कुरवाई, सिरोंज, लटेरी, नटेरन, शमशाबाद, ग्यारसपुर, गुलाबगंज, पठारी, सेउ
भाद्रपद शुक्ल पक्ष-13 -2083
विदिशा,गुरूवार,दिनांक,24 सितंबर,2026

न्यूज गैलरी

पीएम इंटर्नशिप से युवाओं को जोड़ने पर जोर

विदिशा। जिले के युवाओं को प्रशिक्षण, इंटर्नशिप, रोजगार के ज्यादा मौके देने के लिए विशेष पहल की गई। कलेक्टर अंशुल गुप्ता के निर्देश पर जिला व्यापार एवं उद्योग विभाग के समन्वय से नोडल शासकीय आईटीआई विदिशा ने बेतवा सभागार में उद्योगों और प्रतिष्ठानों के प्रतिनिधियों की बैठक रखी। बैठक की अध्यक्षता संयुक्त कलेक्टर दीपाली गुप्ता ने की।

चित्रकला-भाषण प्रतियोगिता आज

विदिशा। राष्ट्र सेविका समिति के विदिशा विभाग के अनसुईया आवास की ओर से 24 सितंबर को चित्रकला और भाषण प्रतियोगिता रखी गई है। शिक्षक सम्मान भी होगा। कार्यक्रम परिणय गार्डन में होगा। समय दोपहर 3 बजे से शाम 5 बजे तक रहेगा। आयोजन में कक्षा 7 से 9 के विद्यार्थियों के लिए चित्रकला और भाषण प्रतियोगिता होगी।

प्रिंसिपल व छात्र-छात्राओं ने किया 34 यूनिट रक्तदान

विदिशा। शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था आईटीआई के सहयोग से ब्लड बैंक जिला चिकित्सालय ने रक्तदान शिविर लगाया। इसमें 34 छात्र-छात्राओं और स्टाफ ने रक्तदान किया। संस्था की प्रिंसिपल कविता रघुवंशी ने भी रक्तदान किया।

बस स्टैंड से माला देवी मंदिर तक सड़क बदहाल

ग्यारसपुर। बस स्टैंड से ऐतिहासिक माला देवी मंदिर तक जाने वाली करीब दो किलोमीटर सड़क बदहाल हो गई है। सड़क पर जगह-जगह बड़े गड्ढे हैं। हालत ऐसी है कि सड़क और गड्ढे में फर्क करना मुश्किल हो रहा है। यह मार्ग बस्ती का मुख्य रास्ता है। कई लोगों के लिए यही एकमात्र आवागमन मार्ग है। खराब सड़क से दोपहिया वाहन चालक परेशान हैं। पैदल राहगीर भी जूझ रहे हैं। बारिश में गड्ढों में पानी भर जाता है। गहराई का अंदाजा नहीं लग पाता। वाहन असंतुलित होते हैं। गिरने की घटनाएं सामने आ रही हैं। बुजुर्गों को ज्यादा दिक्कत होती है। महिलाओं को परेशानी होती है।

गणपति बप्पा की विदाई

विदिशा। गणेशोत्सव के समापन पर भक्तों ने पूरी श्रद्धा और उत्साह के साथ गणपति बप्पा को विदाई दी। ढोल-नगाड़ों और जयकारों के बीच श्रद्धालुओं ने बप्पा की प्रतिमा का विसर्जन किया। इस दौरान माहौल भक्तिमय नजर आया। "गणपति बप्पा मोरया, अगले बरस तू जल्दी आ" के जयकारे गूंजते रहे। भक्तों ने विघ्नहर्ता से सुख, शांति और

मिलावट की आशंका में श्याम डेयरी पर कार्रवाई, 750 किलो घी-वनस्पति वसा जब्त

अग्रिम आदेश तक खाद्य कारोबार पर रोक, जांच के लिए घी और वनस्पति वसा के नमूने लिए

डीआर संवाददाता ■ विदिशा।

खाद्य पदार्थों में मिलावट की आशंका को लेकर खाद्य सुरक्षा प्रशासन की संभागीय उड़नदस्ता टीम और जिला प्रशासन की संयुक्त टीम ने बुधवार को शहर की श्याम डेयरी उद्योग पर छापामार कार्रवाई की। ईदगाह रोड स्थित मुखर्जीनगर में आरटीओ कार्यालय के सामने संचालित डेयरी उद्योग में अधिकारियों ने खाद्य पदार्थों के निर्माण की प्रक्रिया, परिसर में रखी सामग्री और स्वच्छता व्यवस्था का निरीक्षण किया। कार्रवाई के दौरान करीब 750 किलो घी और वनस्पति वसा जब्त की गई, जिसकी अनुमानित कीमत करीब 4 लाख 50 हजार रुपए बताई गई है।

यह कार्रवाई खाद्य सुरक्षा आयुक्त मनोज पुष्प के आदेश और कलेक्टर अंशुल गुप्ता के निर्देशन में की गई। संभागीय उड़नदस्ता दल ने शाम करीब 05:30 बजे डेयरी उद्योग का अचानक निरीक्षण किया। अधिकारियों के अनुसार, परिसर में मानव उपभोग के लिए बहुउद्देशीय वनस्पति वसा का उपयोग कर घी और घी सदृश खाद्य पदार्थ तैयार किए जा रहे थे। जांच के दौरान बड़ी मात्रा में घी, वनस्पति वसा और अन्य खाद्य सामग्री मिली।

कई खाद्य पदार्थों के नमूने लिए

कार्रवाई के दौरान खाद्य सुरक्षा अधिकारी कुदरिया ने गाय का मक्खन, गाय घी अरिहंत और कामधेनु घी के नमूने लिए। वहीं खाद्य सुरक्षा अधिकारी कल्पना आरजिया ने अरिहंत घी, बहुउद्देशीय वनस्पति वसा और खुले घी के नमूने जांच के लिए संग्रहित किए। अधिकारियों ने बताया कि सभी नमूनों को नियमानुसार प्रयोगशाला जांच के लिए भेजा जाएगा। रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

निरीक्षण में करीब 40 किलो मक्खन एवं उप-उत्पाद, अरिहंत ब्रांड का गाय घी, 15 किलो के 13 खुले पात्र और 15 किलो के 15 टिन राशि कामधेनु और देहाती घी की अलग-अलग पैकिंग में सामग्री मिली। इसके अलावा कामधेनु गोल्ड देसी भोग नाम से 450 मिलीलीटर की 132 नग और 200 मिलीलीटर की 78 नग बहुउद्देशीय वनस्पति वसा भी मिली। परिसर में पैकिंग मशीन, करीब 900 किलो क्षमता का घी संग्रहण टैंक और प्रसंस्करण से जुड़े उपकरण भी पाए गए।

लाइसेंस और स्वच्छता व्यवस्था पर सवाल

खाद्य सुरक्षा विभाग के अनुसार, प्रतिष्ठान के खाद्य सुरक्षा लाइसेंस में बहुउद्देशीय वनस्पति वसा के निर्माण अथवा उपयोग का उल्लेख नहीं मिला। लाइसेंस में दर्ज तकनीकी प्रभारी आनंद अग्रवाल भी निरीक्षण के दौरान मौके पर उपस्थित नहीं मिले। निर्माण स्थल के पास खाद्य रंग की बोतलें खुली अवस्था में मिलीं। अधिकारियों ने परिसर में अस्वच्छ और अस्वास्थ्यकर परिस्थितियां पाए जाने की बात भी कही।

कार्रवाई के बाद नायब तहसीलदार और टीम के सदस्यों की मौजूदगी में जब्त खाद्य सामग्री को एक कक्ष में रखवाकर सीलबंद कर दिया गया। जनहित में अमानक अथवा मिलावट की आशंका के आधार पर करीब 750 किलो घी और वनस्पति वसा जब्त की गई है। खाद्य सुरक्षा विभाग ने अग्रिम आदेश तक प्रतिष्ठान में खाद्य कारोबार करने पर रोक लगा दी है। नमूनों की जांच रिपोर्ट आने के बाद नियमानुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी।

ड्रग इंस्पेक्टर की टीम पहुंची तो अधिकांश मेडिकल स्टोर बंद

डीआर संवाददाता ■ आनंदपुर

मेडिकल स्टोरों में नियमों के पालन की जांच करने बुधवार को ड्रग विभाग की टीम आनंदपुर पहुंची। टीम के पहुंचने के दौरान मेडिकल बाजार में अधिकांश दुकानों के शटर बंद मिले। कई निजी क्लीनिक भी बंद पाए गए। इसके चलते विभाग की टीम 8 मेडिकल स्टोर में से केवल 2 प्रतिष्ठानों का ही निरीक्षण कर सकी। हालांकि, दुकानों के बंद मिलने के पीछे जांच की सूचना पहले पहुंचने की बात की विभाग ने पुष्टि नहीं की है।

कलेक्टर के निर्देश पर ड्रग इंस्पेक्टर जान प्रवीण कुजूर के नेतृत्व में टीम ने मेडिकल स्टोरों के लाइसेंस, फार्मासिस्ट की उपलब्धता, दवाओं की बिक्री के बिल, स्टॉक रजिस्टर और अन्य जरूरी रिकॉर्ड की जांच की। विभाग के अनुसार आनंदपुर में कुल 8 मेडिकल स्टोर संचालित हैं। इनमें 6 रिटेल और 2 होलसेल मेडिकल स्टोर शामिल हैं।

संचालकों से दस्तावेज मांगे

जांच के दौरान संबंधित संचालकों से दवाओं की खरीद-बिक्री से जुड़े बिल और अन्य आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए। अधिकारियों ने बताया कि रिकॉर्ड की जांच में यदि किसी तरह की अनियमितता या नियमों का उल्लंघन सामने आता है तो संबंधित संचालकों को शो-कॉज नोटिस जारी किए जाएंगे। दस्तावेजों की जांच पूरी होने के बाद नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। मेडिकल बाजार में अधिकांश प्रतिष्ठान बंद मिलने से जांच की कार्रवाई सीमित रही। फिलहाल विभाग ने दो दुकानों का निरीक्षण कर रिकॉर्ड जुटाया है। शेष दुकानों के संबंध में आगे की कार्रवाई संचालकों के दस्तावेज और उनके जवाब की जांच के बाद तय की जाएगी।

डोल ग्यारस पर भगवान ने किया जल विहार, पंचकुइया घाट पर

डीआर संवाददाता ■ सिरोंज।

नगर में मंगलवार रात डोल ग्यारस का पर्व पारंपरिक उल्लास के साथ मनाया गया। राम और कृष्ण मंदिरों से भगवान के डोल और रथ निकाले गए, जो केथन नदी के पंचकुइया घाट पहुंचे।

यहां पूजा-अर्चना और आरती के बाद भगवान का जल विहार कराया गया। यह जलझूलनी एकादशी पर भगवान के घाट दर्शन और जल विहार की पुरानी परंपरा है। सिरोंज के विभिन्न समाजों के मंदिरों से निकले डोल में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। कुशवाह, साहू, कोरी, नामदेव, कुम्हार, चौरसिया और बढ़ई समाज सहित अन्य मंदिरों के डोल भी आयोजन में शामिल रहे। ग्रामीण क्षेत्रों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंचे। जल विहार के बाद देर रात सभी डोल कपड़ा बाजार और सराफा बाजार पहुंचे। यहां डोलों को कतार में खड़ा किया गया। मंदिर समितियों के सदस्य और श्रद्धालु पूरी रात भजन-कीर्तन करते रहे। सुबह करीब 7 बजे डोल अपने-अपने मंदिरों की ओर रवाना हुए। पंचकुइया घाट की आकर्षक सजावट आयोजन का प्रमुख आकर्षण रही। नगरपालिका की ओर से घाट परिसर में रोशनी की झालर, इलेक्ट्रिक पेड़, फूल और सजावटी द्वार लगाए गए थे। सराफा बाजार और गलियों में चहल-पहल रही। पुलिस प्रशासन ने भी व्यवस्था संभाली।

उत्कृष्ट विद्यालय को मिला मैदान का अधिकार, प्रशासन ने सौंपी चाबियां

डीआर संवाददाता ■ विदिशा।

उत्कृष्ट विद्यालय के मैदान को लेकर चल रहे विवाद के बीच बुधवार को प्रशासन ने मैदान का अधिकार स्कूल प्रबंधन को सौंप दिया। एसडीएम मनीष जैन, तहसीलदार सिसौदिया और पुलिस बल की मौजूदगी में मैदान परिसर से कनारा क्रिकेट क्लब का बोर्ड हटाया गया। इसके साथ ही मैदान से जुड़े विभिन्न स्थानों के ताले खुलवाकर उनकी चाबियां स्कूल के प्राचार्य को सौंप दी गईं।

मैदान के अधिकार और संचालन को लेकर कनारा क्रिकेट क्लब और स्कूल प्रबंधन के बीच विवाद हाईकोर्ट की ग्वालियर बेंच तक पहुंचा था। न्यायालय के निर्देश के बाद प्रशासन ने मैदान का संचालन स्कूल के माध्यम से सुनिश्चित करने की कार्रवाई की। एसडीएम ने प्रशासनिक टीम के साथ मैदान का निरीक्षण भी किया।

कार्रवाई के दौरान बड़ी संख्या में स्कूल के विद्यार्थी मैदान में मौजूद रहे। मैदान का अधिकार स्कूल को मिलने के बाद विद्यार्थियों में उत्साह नजर आया। अब मैदान की व्यवस्थाओं और उपयोग की जिम्मेदारी स्कूल प्रबंधन की रहेगी।

एसडीएम मनीष जैन ने बताया कि मैदान पर क्रिकेट प्रशिक्षण पहले की तरह जारी रहेगा। आम नागरिक भी इसका उपयोग कर सकेंगे, लेकिन स्कूल के विद्यार्थियों की खेल गतिविधियों और सुविधा को प्राथमिकता दी जाएगी। क्रिकेट प्रशिक्षण और कोचिंग से जुड़ी सुविधाएं भी जारी रखने का प्रयास किया जाएगा।

प्रशासन के अनुसार मैदान को व्यवस्थित कर विद्यार्थियों को बेहतर खेल सुविधाएं उपलब्ध कराना प्राथमिकता है। स्कूल प्रबंधन अब मैदान की देखरेख और खेल गतिविधियों के संचालन पर ध्यान देगा।

चित्रकला प्रतियोगिता, 8 संकुलों के बच्चों ने दिखाया हुनर

सिरोंज। 25 करोड़ बच्चों के सपनों का भारत विषय पर विकासखंड स्तरीय चित्रकला-पेंटिंग प्रतियोगिता शासकीय सांदीपनि विद्यालय में हुई। इसमें विकासखंड के सभी 8 संकुल केंद्रों से चयनित छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। विकासखंड चयन समिति ने 11 विद्यार्थियों की पेंटिंग को जिला स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चुना। , ये छात्र 26 सितंबर को होने वाली जिला स्तरीय प्रतियोगिता में सिरोंज विकासखंड का प्रतिनिधित्व करेंगे।

कांग्रेस नेता का महंगाई-बेरोजगारी को लेकर वीडियो वायरल, राखी सावंत ने किया शेयर

डीआर संवाददाता ■ विदिशा।

कांग्रेस नेता अर्पित उपाध्याय का केंद्र सरकार की नीतियों पर सवाल उठाते हुए बनाया गया वीडियो सोशल मीडिया पर चर्चा में है। वीडियो में वे महंगाई, बेरोजगारी, पेपर लीक, रुपए की कमजोरी, विदेश नीति और केंद्रीय जांच एजेंसियों के कथित दुरुपयोग जैसे मुद्दों का जिक्र करते नजर आ रहे हैं।

वीडियो में अर्पित उपाध्याय ने कहा, "मोदी है तो महंगाई है, मोदी है तो बेरोजगारी है।" इसके अलावा उन्होंने केंद्र सरकार की आर्थिक और विदेश नीति को लेकर भी सवाल उठाए। ये उनके राजनीतिक आरोप और विचार हैं।

वीडियो को अभिनेत्री राखी सावंत ने भी अपने सोशल मीडिया अकाउंट से शेयर किया है। इसके बाद विदिशा के कुछ सोशल मीडिया यूजर्स ने वीडियो को आगे शेयर किया, जिससे स्थानीय स्तर पर इसकी चर्चा बढ़ गई।

अर्पित उपाध्याय ने बताया कि वीडियो देश की मौजूदा स्थिति और केंद्र सरकार की नीतियों को लेकर बनाया गया है। उनके अनुसार, इसी तरह के वीडियो अलग-अलग सोशल मीडिया अकाउंट पर भी साझा किए जा रहे हैं। राखी सावंत द्वारा वीडियो शेयर किए जाने के बाद इसे स्थानीय सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर भी प्रतिक्रिया मिल रही है।

डेमो प्लॉट में धान की फसल रोगग्रस्त, किसानों ने उठाए सवाल जब्त

प्रशिक्षण केंद्र की धान फसल में चार तरह के रोग दिखे

डीआर संवाददाता ■ विदिशा।



किसानों को आधुनिक खेती के तौर-तरीके सिखाने वाले कृषक प्रशिक्षण केंद्र के प्रदर्शन प्लॉट में ही धान की फसल रोगग्रस्त मिलने पर किसानों ने सवाल उठाए हैं। स्वामी विवेकानंद चौराहे स्थित बैंक के कृषक प्रशिक्षण केंद्र में दूर-दराज से आए किसानों को फसल प्रबंधन, कीट नियंत्रण, खाद-बीज के उचित उपयोग और जैविक खेती की जानकारी दी जा रही थी।

प्रशिक्षण के दौरान किसानों ने परिसर में लगे प्रदर्शन प्लॉट का निरीक्षण किया। यहां धान की फसल में झुलसा, शीथ ब्लाइट सहित चार तरह के रोग दिखाई देने की बात किसानों ने कही। किसानों को प्रशिक्षण में अच्छी उपज के लिए फसल सुरक्षा और रोग नियंत्रण के उपाय बताए गए।

ग्राम चौकली, ग्यारसपुर के प्राणसिंह धाकड़ ने कहा कि प्रशिक्षण में फसल सुरक्षा की जानकारी दी जा रही है, लेकिन केंद्र की अपनी धान की फसल में ही कई रोग दिखाई दे रहे हैं। ग्राम धीरखेड़ा के मान सिंह लोधी ने कहा कि जब प्रशिक्षण केंद्र की फसल ही बीमारियों से प्रभावित है तो किसानों को इससे क्या सीख मिलेगी। ग्राम नीमखेड़ा के सरदार सिंह ने बताया कि प्रशिक्षण में खाद-बीज के साथ कृषि ऋण के सही उपयोग और समय पर किस्त जमा करने की जानकारी भी दी गई।

विरोध जताया

न्छ चार्ज के विरोध में व्यापारियों ने ऑनलाइन भुगतान ठुकराया, कुछ जगह 17 से 30 रुपए अतिरिक्त मांग

ऑनलाइन भुगतान नहीं लिया, व्यापारियों ने 0.4 प्रतिशत चार्ज को बताया अतिरिक्त बोझ

डीआर संवाददाता ■ विदिशा।



भुगतान पर 0.4 प्रतिशत चार्ज के विरोध में व्यापारियों का विरोध जारी है। व्यापार महासंघ के आह्वान पर 23 सितंबर को एक दिन के लिए ऑनलाइन भुगतान नहीं लेने की अपील की गई थी। शहर के कई व्यापारियों ने इसका पालन करते हुए ग्राहकों से नकद भुगतान करने को कहा। कुछ दुकानों पर ऑनलाइन भुगतान करने पर 17 से 30 रुपए तक अतिरिक्त राशि मांगे जाने की बात सामने आई। वहीं कई ग्राहक ऑनलाइन भुगतान नहीं होने पर सामान वापस लेकर लौट गए।

व्यापार महासंघ अध्यक्ष राजेश जैन ने कहा कि व्यापारियों के लिए यह केवल 0.4 प्रतिशत का मामला नहीं है। उनका कहना है कि इस पर जीएसटी सहित अन्य लागत जुड़ने से व्यापारियों पर अतिरिक्त भार पड़ेगा। उन्होंने बताया कि मैन्युफैक्चरर से डिस्ट्रीब्यूटर, रिटेलर और ग्राहक तक करीब सात स्तर की सप्लाई चेन होती है। चार्ज का असर पूरी श्रृंखला पर पड़ सकता है। बड़े मॉल और डी-मार्ट से पहले ही छोटे व्यापारियों की ग्राहकी प्रभावित होने का दावा भी उन्होंने किया।

13 में से 5 जगह न्छ नहीं लिया

भास्कर पड़ताल में 13 दुकानों और कारोबार स्थलों पर ऑनलाइन भुगतान की स्थिति देखी गई। टीलाखेड़ी रोड स्थित नाश्ते के ठेले पर 110 रुपए के भुगतान के लिए न्छ लेने से मना किया गया। तिलक चौक स्थित अग्रवाल किराना स्टोर पर 4,500 रुपए की खरीदारी का ऑनलाइन भुगतान स्वीकार नहीं किया गया। कुमार ड्राई स्टोर्स पर भी न्छ भुगतान नहीं लिया गया।

वहीं पुरानी नगरपालिका के पास कपड़ा और बेकलैट दुकानों सहित कई प्रतिष्ठानों पर ऑनलाइन भुगतान स्वीकार किया जा रहा था।

पेट्रोल पंप समेत सात स्थानों पर न्छ लिया गया। व्यापारियों ने कहा कि मांग नहीं मानी गई तो आगे आंदोलन किया जाएगा।

गणेश उत्सव से पहले गंजबासौदा में पुलिस का फ्लैग मार्च, सुरक्षा बढ़ाई

डीआर संवाददाता ■ गंजबासौदा।

गणेश उत्सव से पहले बुधवार शाम पुलिस ने शहर में फ्लैग मार्च निकालकर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। शाम करीब 7 बजे शहर थाना परिसर से शुरू हुए मार्च में शहर और देहात थाने के पुलिस अधिकारी और जवान शामिल हुए। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मोनिका तिवारी भी फ्लैग मार्च में मौजूद रहीं।

पुलिस का फ्लैग मार्च शहर थाना परिसर से शुरू होकर सिटी मार्ग, हनुमान चौक, सावरकर चौक और जवाहर चौक होते हुए देहात थाना परिसर पहुंचा। इस दौरान पुलिस अधिकारियों के वाहन भी साथ रहे। फ्लैग मार्च से पहले एएसपी मोनिका तिवारी ने पुलिस अधिकारियों के साथ बैठक कर त्योहार के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को लेकर दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने गणेश झांकी और पंडालों के आसपास नियमित गश्त बढ़ाने तथा विसर्जन के दौरान पुलों और घाटों पर पर्याप्त पुलिस बल तैनात करने के निर्देश दिए। शहर थाना निरीक्षक संजय वेदिया ने बताया कि झांकी पंडालों के आसपास नियमित गश्त की जा रही है। देहात थाना प्रभारी जयकुमार सिंह ने बताया कि गणेश प्रतिमाओं के विसर्जन को देखते हुए बेतवा नदी के घाटों पर सुरक्षा व्यवस्था मजबूत की गई है।

डिजीटल अखबार

डीआर राजगढ़

नरसिंगढ़, ब्यावरा, कुरावर, करनवास, सारंगपुर, जीरापुर, खिलचीपुर, छापीहेड़ा, तलेन भाद्रपद शुक्ल पक्ष-13 -2083 राजगढ़,दिन गुरूवार,दिनांक 24 सितंबर ,2026

न्यूज गैलरी

नरसिंहगढ़ में 80 लोगों ने ली नशामुक्ति की शपथ

राजगढ़। सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत बुधवार को नरसिंहगढ़ स्टेडियम में नशामुक्ति जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। जनपद पंचायत नरसिंहगढ़ द्वारा खेल एवं युवा कल्याण विभाग के माध्यम से हुए कार्यक्रम में करीब 80 लोगों ने सहभागिता की। अंत में सभी 80 प्रतिभागियों ने नशे से दूर रहने और नशामुक्त समाज के निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने की शपथ ली।

राजनीतिक दलों के साथ ईवीएम वेयरहाउस को देखा

राजगढ़। कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा ने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की मौजूदगी में ईवीएम वेयरहाउस का त्रैमासिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने ईवीएम के सुरक्षित भंडारण, सील और सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। निर्धारित प्रोटोकॉल के तहत अभिलेखों और व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि ईवीएम और निर्वाचन सामग्री के सुरक्षित भंडारण में लापरवाही न हो।

चौराहे पर बुजुर्ग का शव मिला

ब्यावरा। देहात थानान्तर्गत अस्पताल रोड पर टेकन चौराहे से पुलिस ने मंगलवार की सुबह एक 75 वर्षीय बुजुर्ग का शव बरामद किया है। मृतक की पहचान उम्मेदपुरा राजगढ़ निवासी के रूप में हुई है। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पीएम के लिए भेज दिया है। दरअसल मंगलवार की सुबह उस समय हलचल मच गई जब लोगों ने टेकन चौराहे पर 75 वर्षीय बुजुर्ग का शव पड़ा देखा। तुरंत मामले की जानकारी पुलिस को दी गई। आसपास पड़ताल करने पर मृतक की पहचान तेज सिंह पिता नारायण तंवर(75) निवासी उम्मेदपुर राजगढ़ के रूप में हुई।

अवैध गैस रिफिलिंग रू देवेंद्र को कारण बताओ नोटिस

राजगढ़। सुठालिया में अवैध गैस रिफिलिंग के आरोप में कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा ने देवेंद्र नामदेव को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। थाना सुठालिया में आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है। कार्रवाई में भारत गैस के दो खाली, इंडेन का एक भरा सिलेंडर और गैस भरने की मोटर जब्त की गई। संबंधित को 28 सितंबर शाम 4 बजे उपस्थित होकर लिखित जवाब देने के निर्देश दिए हैं। जवाब नहीं देने पर एकपक्षीय वैधानिक कार्रवाई करने की चेतावनी दी गई है।

जिला चिकित्सालय रेफर केंद्र बना, चिकित्सकों की कमी पर पूर्व विधायक ने प्रमुख सचिव को लिखा पत्र

व्यवस्थाएं नहीं सुधरीं तो कार्यकर्ताओं के साथ धरने पर बैठने की चेतावन

डीआर संवाददाता ■ राजगढ़।



जिला चिकित्सालय में चिकित्सकों और मेडिकल स्टाफ की कमी को लेकर पूर्व विधायक बापूसिंह तंवर ने लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के प्रमुख सचिव को पत्र लिखा है। पत्र में उन्होंने अस्पताल में प्रसूताओं को उपचार के बजाय हायर सेंटर रेफर किए जाने का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि कई सामान्य प्रसव के मामलों को भी गंभीर बताकर बाहर भेजा जा रहा है और वहां सामान्य डिलीवरी हो जाती है। तंवर ने इस व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए चिकित्सकों और अन्य मेडिकल स्टाफ के रिक्त पदों को भरने की मांग की है।

पूर्व विधायक ने पत्र में कहा कि उनके कार्यकाल में जिला चिकित्सालय का उन्नयन कर 500 बिस्तरों की क्षमता की गई थी। अस्पताल में आईसीयू और सीटी स्कैन जैसी सुविधाएं भी उपलब्ध कराई गईं, लेकिन पर्याप्त चिकित्सक और मेडिकल स्टाफ नहीं होने के कारण इन सुविधाओं का अपेक्षित लाभ मरीजों को नहीं मिल पा रहा है।

51 विशेषज्ञों के पद, 17 कार्यरत

पत्र में दिए गए आंकड़ों के अनुसार जिला चिकित्सालय में विषय विशेषज्ञ चिकित्सकों के 51 पद स्वीकृत हैं, लेकिन इनमें केवल 17 पद भरे हैं, जबकि 34 पद रिक्त हैं।

स्त्री रोग विशेषज्ञ के 5 स्वीकृत पदों में 2 कार्यरत और 3 रिक्त हैं। शिशु रोग विशेषज्ञ के 7 पदों में 2 कार्यरत और 5 रिक्त हैं। ईएनटी के 2 पदों में कोई पदस्थ नहीं है। वहीं मेडिकल ऑफिसर के 31 स्वीकृत पदों में 11 कार्यरत और 20 रिक्त बताए गए हैं।

पूर्व विधायक ने ग्राम करोड़ी स्थित उप-स्वास्थ्य केंद्र में डॉक्टर नहीं होने का मुद्दा भी उठाया। उन्होंने कहा कि डॉक्टर की उपलब्धता नहीं होने से ग्रामीणों को उपचार के लिए परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

सीएमएचओ के मामले का भी किया उल्लेख

तंवर ने पत्र में तत्कालीन जिला मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. शोभा पटेल से जुड़े लोकायुक्त प्रकरण का भी उल्लेख किया है।

उनके अनुसार, लोकायुक्त पुलिस भोपाल की कार्रवाई के बाद सीएमएचओ को पद से हटाने के आदेश और उसके बाद न्यायालय से मिले स्थगन आदेश के संबंध में भी उन्होंने प्रमुख सचिव को जानकारी दी है।

पूर्व विधायक ने कहा कि यदि जिला अस्पताल में चिकित्सकों की कमी जल्द पूरी नहीं की गई और व्यवस्थाओं में सुधार नहीं हुआ तो वे कार्यकर्ताओं के साथ धरने पर बैठेंगे।

राजगढ़ जिला चिकित्सालय में चिकित्सकों की कमी का मुद्दा नया नहीं है। विधानसभा के रिकॉर्ड में भी बापूसिंह तंवर द्वारा अस्पताल के रिक्त पदों और विशेषज्ञ चिकित्सकों की पदस्थापना से जुड़े सवाल उठाए जाने का उल्लेख मिलता है।

धान, व्यापारी का रुपयों से भरा थैला चोरीय 4 आरोपी गिरफ्तार

डीआर संवाददाता ■ राजगढ़

राजगढ़ जिले के खुजनेर में व्यापारी से 1.49 लाख रुपए चोरी के मामले का पुलिस ने खुलासा किया है। पुलिस ने मामले में चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। चोरी की पूरी रकम बरामद करने के साथ वारदात में इस्तेमाल होंडा शाइन बाइक भी जब्त की गई है। पुलिस के अनुसार आरोपियों ने व्यापारी का ध्यान भटकाने के लिए उसके कपड़ों पर लाल रंग का लिक्विड डाल दिया था।

घटना 18 सितंबर की शाम करीब 4:30 बजे खुजनेर के राजगढ़ चौराहे पर गांधी ट्रेडर्स की दुकान के सामने हुई थी। ब्यावरा निवासी 70 वर्षीय रामचंद्र उर्फ नंदू गावड़ सेल्समैन हैं। वे दुकानदारों को सामान देने और उनसे रुपए लेने खुजनेर आए थे। उनके हरे रंग के थैले में 1.49 लाख रुपए रखे थे।

दुकान के सामने पहुंचने पर रामचंद्र को कपड़ों पर पीछे से लाल रंग का लिक्विड डाले जाने का पता चला। वे पानी लेकर कपड़े साफ करने लगे। इसी दौरान उन्होंने रुपयों से भरा थैला दुकान के बाहर बोरी पर रख दिया। कुछ देर बाद थैला गायब मिला।

पुलिस जांच में गुलखेड़ी निवासी बादल सिसोदिया की भूमिका सामने आई। पुलिस के मुताबिक उसने एक नाबालिग के साथ मिलकर वारदात को अंजाम दिया। जांच में लक्ष्मी, प्रिया और नाबालिग की मां की भूमिका भी सामने आई है। नाबालिग के पिता को भी आरोपी बनाया गया है, जो फरार है।

पुलिस के अनुसार बादल के खिलाफ पहले से 12 मामले दर्ज हैं। इनमें मध्यप्रदेश के अलावा महाराष्ट्र, पंजाब और उत्तर प्रदेश के मामले शामिल हैं। पुलिस ने चोरी की पूरी रकम बरामद कर ली है।

लड़ते हुए 30 फीट गहरे कुएं में गिरा सांड, जेसीबी की मदद से निकाला

डीआर संवाददाता ■ राजगढ़।

राजगढ़ जिले के नाना गांव के पास बुधवार को दो सांडों के बीच लड़ाई के दौरान एक सांड खेत में बने कुएं में गिर गया। कुआं करीब 30 फीट गहरा था और उसमें लगभग 10 फीट पानी भरा हुआ था। सांड के कुएं में फंसने की सूचना मिलते ही ग्रामीण मौके पर पहुंचे और रेस्क्यू शुरू किया।

ग्रामीण आनंद त्रिपाठी ने आसपास के लोगों को घटना की जानकारी दी। इसके बाद चार से पांच ग्रामीण कुएं में उतरे और रस्सी की मदद से सांड को बांधा। उसे बाहर निकालने के लिए जेसीबी की सहायता ली गई।

करीब दो घंटे तक चले रेस्क्यू अभियान के बाद ग्रामीणों ने सांड को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। इस दौरान बड़ी संख्या में लोग मौके पर मौजूद रहे। सांड को बाहर निकालने के बाद ग्रामीणों ने राहत की सांस ली।

राष्ट्र निर्माण विषय पर भाषण और पोस्टर प्रतियोगिता,

डीआर संवाददाता ■ खिलचीपुर

ब्यावरा के नेताजी सुभाष चंद्र बोस शासकीय महाविद्यालय में विद्यार्थियों के लिए भाषण और पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता का उद्देश्य छात्रों में सेवा, जनकल्याण और राष्ट्र निर्माण की भावना विकसित करना था। इसमें विद्यार्थियों ने उत्साह के साथ भाग लेकर अपने विचार और रचनात्मकता प्रस्तुत की।

प्रतियोगिता में 'मेरे सपनों का भारत', 'सेवा जनकल्याणकारी योजनाएं' और 'विकसित भारत-2047' जैसे विषय रखे गए। भाषण प्रतियोगिता में एमए प्रथम वर्ष की आस्था विश्वकर्मा ने पहला स्थान हासिल किया। बीकॉम तृतीय वर्ष की नंदनी सोनी दूसरे स्थान पर रहीं, जबकि वैदी उपाध्याय और कटी सेन संयुक्त रूप से तीसरे स्थान पर रहे।

पोस्टर प्रतियोगिता में बीएससी प्रथम वर्ष की स्नेहा गीर प्रथम, बीए द्वितीय वर्ष की दीपशिखा राठौर द्वितीय और बीए प्रथम वर्ष की रक्षा सोंधिया तृतीय रहीं।

प्रतियोगिता के विजेता अब जिला स्तरीय प्रतियोगिता में कॉलेज का प्रतिनिधित्व करेंगे। कार्यक्रम प्राचार्य डॉ. अरविंद भारद्वाज की देखरेख में हुआ। इस दौरान शिक्षक, एनएसएस-एनसीसी कैडेट्स और बड़ी संख्या में विद्यार्थी मौजूद रहे।

सड़क किनारे खड़ी इलेक्ट्रिक स्कूटी में लगी आग, बैटरी में धमाके के बाद जलकर खाक

डीआर संवाददाता ■ अशोकनगर

शहर के माता मंदिर रोड पर मंगलवार शाम सड़क किनारे खड़ी इलेक्ट्रिक स्कूटी में अचानक आग लग गई। कुछ ही देर में आग तेजी से फैल गई और पूरी स्कूटी जलकर खाक हो गई।

घटना के दौरान स्कूटी की बैटरी में एक-दो धमाके भी हुए, जिसके बाद आग बुझाने की कोशिश कर रहे लोग पीछे हट गए।

जानकारी के अनुसार स्कूटी कबीर रोड निवासी इकरार खान की थी। उन्होंने इसे करीब तीन से चार महीने पहले ही खरीदा था।

इकरार के मुताबिक स्कूटी में इससे पहले किसी तरह की खराबी नहीं आई थी।

प्रारंभिक तौर पर आग लगने की वजह इलेक्ट्रिकल वायर में शॉर्ट सर्किट होने की आशंका जताई जा रही है। हालांकि आग इतनी तेजी से फैली कि इसकी शुरुआत किस हिस्से से हुई, यह स्पष्ट नहीं हो सका।

आग लगने की वास्तविक वजह जांच के बाद सामने आएगी।

एपीके फाइल डाउनलोड करते ही खाते से निकले 2.72 लाख, तीन आरोपी पकड़े

डीआर संवाददाता ■ पचोर।

मोबाइल में एपीके फाइल डाउनलोड करने के बाद बैंक खाते से 2 लाख 72 हजार 101 रुपए गंवाने वाले युवक को पुलिस ने पूरी राशि वापस दिला दी। साइबर ठगी के मामले में खुजनेर पुलिस ने गुजरात के सूरत जिले के तीन आरोपियों को अभिरक्षा में लेकर पूछताछ शुरू की है।

पुलिस के अनुसार ग्राम बड़लावदा निवासी जितेंद्र यादव ने 18 अगस्त को शिकायत दर्ज कराई थी। उसने बताया कि एपीके फाइल डाउनलोड करने के बाद उसके खाते से चार अलग-अलग ऑनलाइन लेनदेन के जरिए कुल 2,72,101 रुपए निकाल लिए गए। शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। पुलिस ने बैंक से संपर्क कर राशि होल्ड कराई और आरोपियों की निशानदेही पर पूरी रकम बरामद कर ली। पुलिस अब आरोपियों से ठगी के तरीके और अन्य लोगों की भूमिका के संबंध में पूछताछ कर रही है। बैंक खातों, लेनदेन और तकनीकी साक्ष्यों की भी जांच की जा रही है।

डोल ग्यारस पर सारंगपुर में निकले भव्य डोल, राज्यमंत्री टेटवाल ने अखाड़े में बढ़ाया उत्साह

डीआर संवाददाता ■ सारंगपुर

मंगलवार को डोल ग्यारस (जलझूलनी एकादशी) के अवसर पर भगवान श्रीविष्णु, श्रीकृष्ण सहित विभिन्न देवी-देवताओं के डोल नगर भ्रमण पर निकले। मंडई चौक से शुरू हुई शोभायात्रा गांधी चौक सहित शहर के प्रमुख मार्गों से होकर अलग-अलग मंदिरों तक पहुंची। अखाड़ों, बैंड और ढोल की धुन के बीच श्रद्धालुओं ने जगह-जगह डोलों का स्वागत किया।

चल समारोह में राज्यमंत्री गौतम टेटवाल भी शामिल हुए। उन्होंने अखाड़े में डांडिया खेलते हुए लकड़ी घुमाई और कलाकारों का उत्साह बढ़ाया। उनके शामिल होने से आयोजन में लोगों का उत्साह और बढ़ गया।

सार्वजनिक हिंदू उत्सव समिति की ओर से डोलों की पूजा के लिए मंच बनाया गया था। समिति अध्यक्ष ध्रुव भल्ला के नेतृत्व में विभिन्न मंदिरों से पहुंचे डोलों की पूजा-अर्चना की गई। इस दौरान पुजारियों का सम्मान भी किया गया। कारीगरों द्वारा तैयार किए गए आकर्षक डोल लोगों के बीच विशेष आकर्षण रहे।

आयोजन के दौरान तहसीलदार कपिल शर्मा और थाना प्रभारी राहुल रघुवंशी पुलिस बल के साथ सुरक्षा व्यवस्था संभालते रहे। बड़ी संख्या में समाजजन और श्रद्धालु मौजूद रहे।

धरना प्रदर्शन

ग्यारस पर निकले भगवान के डोल, मंत्री टेटवाल ने अखाड़े में खेला डांडियासौंपा ज्ञापन

हिंदू उत्सव समिति ने मंच बनाकर की पूजा-अर्चना, पुजारियों का किया सम्मानकिसानय

डीआर संवाददाता ■ राजगढ़

सारंगपुर डोल ग्यारस (जलझूलनी एकादशी) के अवसर पर मंगलवार को सारंगपुर नगर में भगवान श्रीविष्णु, श्रीकृष्ण सहित विभिन्न देवी-देवताओं के डोल भव्य शोभायात्रा के रूप में निकाले गए। अखाड़ों, बैंड-बाजों और ढोल की धुन के साथ निकले डोल नगर के प्रमुख मार्गों से होकर अपने-अपने मोहल्लों के मंदिरों तक पहुंचे। शोभायात्रा के दौरान श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी और जगह-जगह डोल का स्वागत किया गया।

डोल मंडई चौक से शुरू होकर गांधी चौक सहित नगर के प्रमुख मार्गों से होकर निकले। चल समारोह में राज्य मंत्री गौतम टेटवाल भी शामिल हुए। उन्होंने अखाड़े में पहुंचकर डांडिया खेला और लकड़ी घुमाते हुए कलाकारों का उत्साहवर्धन किया। मंत्री के अखाड़े में शामिल होने से समारोह में मौजूद लोगों में खासा उत्साह नजर आया।

मंच बनाकर किया डोल का स्वागत

सार्वजनिक हिंदू उत्सव समिति के अध्यक्ष ध्रुव भल्ला के नेतृत्व में सकल हिंदू समाज की ओर से नगर के विभिन्न मंदिरों से आए डोलों के स्वागत के लिए मंच बनाया गया। मंच पर डोलों की विधिवत पूजा-अर्चना की गई। इसके बाद मंदिरों के पुजारियों का सम्मान किया गया। आयोजन के दौरान आकर्षक रूप से सजाए गए डोल श्रद्धालुओं के बीच विशेष आकर्षण का केंद्र रहे।

शोभायात्रा में विभिन्न अखाड़ों के कलाकारों ने अपनी कला का प्रदर्शन किया। बैंड और ढोल की धुन के बीच श्रद्धालु धार्मिक उत्साह के साथ शामिल हुए। मार्ग में कई स्थानों पर लोगों ने डोलों का स्वागत किया और पूजा-अर्चना की।

आयोजन में पृथ्वीराज टेटवाल, मिलेश वर्मा, मुक्तिधाम सेवा समिति अध्यक्ष अनिल बारकिया, महादेव मित्र मंडल अध्यक्ष जितेंद्र सोलंकी, सुशील व्यास, मोहन पाटीदार, अशोक साहू, आशुतोष व्यास, वैभव पुष्पद, सतीश मिश्रा, प्रकाश पुरी सहित बड़ी संख्या में समाजजन मौजूद रहे।

शराब दुकान हटाने की मांग पर महिलाओं का प्रदर्शन, पेटियां तोड़कर सड़क पर फेंकी शराब

डीआर संवाददाता ■ राजगढ़।

अशोकनगर जिले के चंदेरी क्षेत्र के पुरारी गांव में बुधवार को करीब 50 महिलाओं ने शराब दुकान हटाने की मांग को लेकर प्रदर्शन किया। विरोध के दौरान कुछ महिलाओं ने दुकान पर लाठियों से तोड़फोड़ की और शराब की पेटियां बाहर निकालकर सड़क पर फेंक दीं। पेटियां तोड़ने से सड़क पर शराब फैल गई। दुकान की खिड़की में भी नुकसान पहुंचाया गया।

जानकारी मिलते ही पुलिस और प्रशासन की टीम मौके पर पहुंची। अधिकारियों ने प्रदर्शन कर रही महिलाओं और ग्रामीणों से चर्चा कर मामला शांत कराया।

ग्रामीणों का कहना है कि पुरारी चौराहे से करीब डेढ़ किलोमीटर दूर सरकारी हाईस्कूल है। गोरा कला गांव की छात्राएं इसी रास्ते से स्कूल आती-जाती हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि शराब दुकान के आसपास कुछ लोग शराब पीकर छात्राओं पर आपत्तिजनक टिप्पणी और गाली-गलौज करते हैं।

ग्रामीणों ने छात्राओं की सुरक्षा का हवाला देते हुए शराब दुकान हटाने की मांग की है। उनका कहना है कि इस संबंध में पहले भी पुलिस और प्रशासन को शिकायत दी जा चुकी है, लेकिन अब तक दुकान नहीं हटाई गई।

मुख्यमंत्री यंग इंटर्नशिप के लिए आवेदन 30 सितंबर तक

राजगढ़। मुख्यमंत्री यंग इंटर्न्स फॉर गुड गवर्नेंस प्रोग्राम के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। जिले के प्रत्येक विकासखंड से 15 इंटर्न चुने जाएंगे। इच्छुक युवा 30 सितंबर तक एमपी ई-सेवा पोर्टल से आवेदन कर सकते हैं।